• जयपुर, बुधवार, 23 अक्टूबर 24 • वर्ष 14 • अंक 67 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से मुकाबले के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी...

पेज @4 जयपुर विकास प्राधिकरण उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई...

पेज @8 केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की आरसीडीएफ...

## सुर्ख़ियों में राजस्थान

# मैनुअल स्केवेंजिंग एक्ट दरकिनार कर सीवर सफ़ाई को उतारे तीन श्रमिकों की मौत

## क़ानूनन बिना जीवन रक्षक उपकरण सीवर में व्यक्ति का उतरना है मना

चमकता राजस्थान

**सीकर (फतेहपुर)।** राष्ट्रीय राजमार्ग बीकानेर-जयपुर पर मंगलवार शाम को सीवरेज के चैंबर सफाई के दौरान तीन मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। एक मजदूर 20 फीट गहरे चैंबर की सफाई कर रहा था। इस दौरान जहरीली गैस से वह चैंबर के अंदर ही बेहोश हो गया, जिससे बाहर अन्य मजदूरों में हड़कंप मच गया। बेहोश मजदूर को बचाने दो मजदूर चैंबर में उतरे तो वे भी जहरीली गैस की चपेट में आ गए और चैंबर में ही बेहोश हो गए।

स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। तीनों मजदूरों को चैंबर से बाहर निकालकर राजकीय धानुका उपजिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत बता दिया। जान गंवाने वाले महेंद्र छोटेलाल (38), सजन कैलाश (30) व मुकेश नथु (35) हैं। तीनों घर में इकलौते कमाने वाले थे। आक्रोशित वाल्मीकि समाज ने अस्पताल के सामने सड़क जाम कर दी और जिम्मेदारों पर कार्रवाई के साथ आर्थिक सहयोग की मांग की है।




इस हादसे के विरोध में प्रदर्शन व आंदोलन का दौर शुरू हुआ, एडीएम रतन स्वामी के नेतृत्व में प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच तीन दौर की वार्ता के बाद मंगलवार रात करीब 12 बजे समझौता हुआ. एडीएम रतन स्वामी ने बताया कि प्रत्येक मृतक के परिजन को खाते में तुरंत 10-10 लाख की मुआवजा राशि जमा कराने के साथ ही आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद 20-20 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी. तीनों के परिजनों को 1-1 लाख रुपए दाह संस्कार के लिए भी दिए गए. नियमानुसार सरकारी सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा.सफाई कर्मचारियों के आगामी भर्ती में तीनों मृतकों के परिजनों सहित पूर्व में हुई दो घटनाओं के मृतकों के परिजनों को प्राथमिकता दी जाएगी. कंपनी की ओर से सभी कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण दिए जाएंगे. कंपनी मृतक कर्मियों के परिजनों को वेतन की आधी पेंशन भी देगी.

सुप्रीम कोर्ट व सरकार की रोक के बाद भी राजस्थान के विभिन्न नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों को सीवर चैंबर में उतारा जा रहा है. प्रदेश में बीते आठ सालों में सीवर लाइन की जहरीली गैस की चपेट में आने से 18 मजदूरों की मौत हो चुकी है. बावजूद इसके सरकार और प्रशासन ने नियमों की पालना नहीं कर रहे हैं. तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सफाईकर्मी को सीवरेज सफाई के लिए चैंबर में नहीं उतारने के निर्देश दिए थे. साथ ही ये काम मशीनों के जरिए सफाई करवाने के लिए पाबंद किया था. उसके बावजूद प्रदेश की छोटी नगर पालिकाओं में सीवर जेट जैसे वाहन नहीं हैं. संसाधनों के अभाव में अक्सर निगम प्रशासन मजदूरों को बिना संसाधन सीवर चैंबर में उतार देता है. ऐसे में हादसों नहीं रुक पा रहे हैं.

फतेहपुर में सीवरेज लाइन की नियमित सफाई का काम चलता रहता है. सफाई के लिए सीवर जेट मशीन भी भेजी जाती है. लेकिन इस मशीन को चैंबर से गंदा पानी बाहर निकालने के काम लिया जाता है. नाले की सफाई या कचरा निकालने के लिए मजदूरों को उतारा जाता है।

## न्यूज़ अपडेट

### लगातार बारिश के चलते इमारत गिरी, 17 से अधिक लोग मलबे में दबे; 3 की मौत

**बेंगलुरु/एजेंसी।** कर्नाटक में लगातार हो रही बारिश के कारण बेंगलुरु के हेनूर के पास बाबूसबपाल्या में एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। इस हादसे में 20 से अधिक मजदूर मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और आपदा राहत दल मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। फिलहाल, तीन मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है, जिनमें से तीन की मौत हो गई है। अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे में अभी भी 17 से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है।

स्थानीय प्रशासन और आपदा राहत दल जेसीबी मशीनों की मदद से मलबे को हटाने का काम कर रहे हैं। मलबे के नीचे से आवाजें आने के कारण बचाव दल को उम्मीद है कि कुछ मजदूर अभी भी जिंदा हो सकते हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बचाव कार्य को युद्धस्तर पर चलाया जाए और घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। कर्नाटक में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव की स्थिति है। इस बारिश ने इस हादसे को और गंभीर बना दिया है।

### मर्सडीज से हिट एंड रन मामले में 21 साल के लड़के की मौत, आरोपी फरार

**ठाणे/एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में सोमवार देर रात हिट एंड रन का मामला सामने आया है। यहां पर मर्सडीज से हुए एक्सीडेंट में बाइक सवार 21 वर्षीय लड×के की मौत हो गई। वहीं, एक्सीडेंट के बाद आरोपी फरार हो गया। ठाणे की नौपाडा पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दर्शन हेगड़े के रूप में हुई, जिसकी उम्र 21 वर्ष बताई जा रही है। सोमवार देर रात मृतक युवक कुछ खाने का सामान लेकर अपने घर की तरफ लौट रहा था, ठीक उसी वक्त नासिक हाईवे की तरफ जाने वाली एक मर्सिडीज कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। एक्सीडेंट के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बता दें कि पुलिस ने इस मामले में हिट एंड रन का केस दर्ज किया है। वहीं, जिस कार से एक्सीडेंट हुआ है, उसको जब्त करके आगे की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## पश्चिमी राजस्थान में लगेगी 60 गीगावाट क्षमता की सोलर, विंड एवं हाइब्रिड परियोजना

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ यूएई के निवेश मंत्री की महत्वपूर्ण सकारात्मक बैठक

## अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में यूएई से तीन लाख करोड़ रुपए का ऐतिहासिक एमओयू

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 22 अक्टूबर। राजस्थान में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रुपए के निवेश के ऐतिहासिक एमओयू पर मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यूएई के निवेश मंत्री श्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। यह निवेश प्रदेश के पश्चिमी जिलों में 60 गीगावाट क्षमता की सोलर, विंड एवं हाइब्रिड परियोजना की स्थापना के लिए किया जाएगा।यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी और उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह ऐतिहासिक एमओयू अक्षय ऊर्जा से संबंधित आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए एक दीर्घ अवधिक विद्युत परियोजना की स्थापना के माध्यम से प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से किया गया। इस पहल के अंतर्गत यूएई एक योग्य एवं सक्षम डेवलपर की नियुक्ति भी करेगा जो प्रदेश में शासन-प्रशासन के स्तर पर समन्वय स्थापित कर परियोजना को तेजी से साकार रूप प्रदान करेगा।

### ● ऊर्जा नवाचारों के मॉडल के तौर पर उभरेगा राजस्थान- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं। केन्द्र सरकार ने देश में 500 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्थान को 250 गीगावॉट के सोलर प्लांट लगाने होंगे। यूएई के साथ यह साझेदारी इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह परियोजना ऊर्जा उत्पादन में वांछित बदलाव लेकर आएगी।







### राजस्थान संवहनीय ऊर्जा नवाचारों के मॉडल के तौर पर भी उभरेगा : सीएम

शर्मा ने कहा कि अनुकूल निवेश नीतियों से राजस्थान अक्षय ऊर्जा में निवेशकों की पसंद बना है। आज राजस्थान भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है। अगले 10 वर्षों में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए हमने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए हैं। लगभग 10 महीने के कार्यकाल में 32 हजार मेगावॉट के संयंत्र लगाने के एमओयू साइन किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और यूएई के बीच आर्थिक, वाणिज्यिक और रणनीतिक साझेदारी और गहरी हुई है। यूएई, भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि भारत से होने वाले निर्यात में यूएई दूसरे पायदान पर है। यह दोनों देशों के संबंधों की प्रगाढ़ता को दर्शाता है। वर्ष 2022 में दोनों देशों के बीच हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) से द्विपक्षीय व्यापार के नए अवसर खुल रहे हैं।यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी ने कहा कि नवीकरणीय संसाधनों से ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पारंपरिक ऊर्जा से अक्षय ऊर्जा की ओर इस बदलाव में यूएई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राजस्थान की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां ऊर्जा क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों के लिए सर्वथा उपयुक्त हैं। निश्चित रूप से ये नवाचार ही आगे चलकर ऊर्जा क्षेत्र की तस्वीर बदलेंगे।

### यूएई को राइजिंग राजस्थान समिट में निवेश करने का न्यौता

मुलाकात के दौरान शर्मा ने आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में आयोजित होने जा रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में सुवैदी को आमंत्रित किया। शर्मा ने यूएई के निवेश मंत्री को राजस्थान में अक्षय ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण, वितरण के साथ-साथ होटल एवं पर्यटन, और अवसंरचना विकास परियोजनाओं में निवेश की संभावनाओं के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पंप स्टोरेज ऊर्जा उत्पादन, सौर ऊर्जा, पेयजल परियोजनाओं एवं हाइवे निर्माण में वृहद स्तर पर परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में यूएई के सॉवरिन वेल्थ फंड और अन्य फंड्स के लिए राजस्थान में निवेश के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं।मुख्यमंत्री ने यूएई की तरफ से व्यापारिक संगठनों एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ की राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में अधिकाधिक भागीदारी के लिए भी अनुरोध किया। उन्होंने जयपुर से यूएई की सीधी एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के बारे में भी चर्चा की।इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के के बिश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।विदेशी सरकारें खुद आगे बढ़कर कर रहीं राजस्थान में निवेशमुख्यमंत्री द्वारा राइजिंग राजस्थान समिट के तहत किए जा रहे प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्देश में निवेश की विश्वसनीयता बढ़ी है। समिट के तहत अब तक निजी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निवेश किया जा रहा था। लेकिन अब एक कदम आगे बढ़कर 'संयुक्त अरब अमीरात सरकार' द्वारा सरकारी फंड से प्रदेश में निवेश के लिए यह महत्वपूर्ण एमओयू किया गया है। इस ऐतिहासिक एमओयू के तहत राज्य में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रुपए का निवेश आएगा।

# विद्यालय, अब जिहाद की नयी पाठशाला!

वेदमूर्ति श्रीराम शर्मा आचार्य गायत्री के महान उपासक एवं सनातन हिन्दू धर्म के श्रेष्ठ प्रचारकों में से एक हैं, उन्होंने कहा है कि 'व्यक्ति विचारों का पुंज है, जिसमें विचार नहीं, वह मनुष्य नहीं हो सकता।' इसके सामान्य अर्थ समझें तो हम सभी किसी न किसी विचार से बंधे हैं, ये विचार फिर सकारात्मक या नकारात्मक किसी भी स्तर के हो सकते हैं। किंतु किसी शासन तंत्र में विचार का अर्थ, लोक का कल्याण एवं राज्य में जिसका भी शासन है उसके माध्यम से सर्वजन हित है। इसलिए जो शासकीय सेवा में रहते हैं, उनका भी विचार लोक का कल्याण है, ऐसा कदापि नहीं होता कि कोई अपने व्यक्तिगत विचारों को शासन का नाम दे। शासन की अपनी आचार संहिता है, जिसका उल्लंघन करने का हक किसी भी लोक सेवक को नहीं। किंतु इस वक्त लग रहा है कि भारत में एक अलग ही तरह का इस्लामिक फितूर चल रहा है, जहां देखों वहां तमाम घटनाएं घट रही हैं। जिनका कुल उद्देश्य गैर मुसलमानों को लक्षित करना है। इसे आप आधुनिक संदर्भों में जिहाद नाम भी दे सकते हैं।

जिहाद शब्द सुनते ही कई प्रकार के विचार मन में कौंधते हैं। किसी इस्लाम को मानने वाले से पूछेंगे तो वह यही कहेगा कि जिहाद वास्तव में एक अच्छा अर्थ रखने वाला शब्द है। जिहाद का आशय है अल्लाह के मार्ग में अपनी क्षमता के अनुसार अपनी शक्ति का प्रयोग करना। कुरान में जिहाद शब्द का लगभग 36 बार उल्लेख किया गया है। कुरान के मुताबिक, जिहाद के दो प्रकार हैं, 'जिहाद अल अकबर', बड़ा जिहाद, जिसका अर्थ है श्रेष्ठ होना और 'जिहाद अल असगर', जिसका मतलब है बहुत छोटा। हदीस के मुताबिक, इस्लाम में जिहाद चार तरह का है– दिल से जिहाद, हाथ से जिहाद, जबान से जिहाद, सशस्त्र या तलवारी जिहाद। अब इस छोटे और बड़े जिहाद को कुछ इस तरह समझाया गया है। बड़ा जिहाद, मतलब ₹स्वयं के खिलाफ जिहाद₹ यानी अपने अहंकार को दबाने के लिए, बुरी प्रवृत्तियों और प्रवृत्तियों के खिलाफ संघर्ष। छोटा जिहाद एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ लड़ना है जिसने हमला शुरू किया या जिसने अल्लाह की इबादत की स्वतंत्रता का अतिक्रमण किया है।

इस्लाम की जानकारी देने वाले कई ऑनलाइन या ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर आप देखेंगे कि जिहाद को लेकर बहुत सफाई दी गई है, कहा गया है कि इसका उद्देशय खून बहाना, स्थापित सरकारों के प्रति बेवफाई को प्रोत्साहित करना या किसी भी तरह से शांति को बाधित करना नहीं है। ऐसे सभी कार्य इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध हैं। (संदर्भ–अल इस्लाम)। लेकिन इसका व्यवहार जो कहा गया है उसके उलट दिखाई देता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद, थूक जिहाद, लेबर जिहाद, वोट जिहाद, केमिकल जिहाद, शिक्षा जिहाद और भी ना जाने कितने प्रकार के जिहाद दुनिया भर में चल रहे हैं। फिर भले ही कोई इस्लामिक इस बात को स्वीकार न करे कि जिहाद के नाम पर कुछ गलत हो रहा है। परन्तु जो सामने तमाम प्रकार के चल रहे जिहाद हैं, उन सभी का एक की उद्देश–य दिखता है, गजबा–ए–हिंद और गजबा–ए–दुनिया! क्योंकि यदि जिहाद का अर्थ वास्तविकता में पाक होता हो आज यह नौबत ही नहीं आती कि विश्व के जितने भी आतंकवादी इस्लामिक संगठन जो मानवता पर अत्याचार कर रहे हैं वे उसे जिहाद करने और जिहाद के रास्ते पर होने का दावा करते। आप कोई भी मुसलमिनी आतंकवादी संगठन उठा लें। उदाहरण के तौर पर इन संगठनों को ले सकते हैं, जिन पर कि भारत सरकार ने प्रमुखता से प्रतिबंध लगा रखा है– लश्कर–ए–तैयबा, पासबान–ए–अहले हदीस, जैश–ए–मोहम्मद, तहरीक–ए–फुरकान हरकत–उल–मुजाहिदीन, हरकत–उल–अंसार, हरकत–उल–जेहाद–ए–इस्लामी, अंसार–उल–उम्मा (एयूयू), हिज्ब–उल–मुजाहिदीन, अल–उमर–मुजाहिदीन, जम्मू और कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया, दीनदार अंजुमन, अल बद्र, जमीयत–उल–मुजाहिदीन, अल–कायदा, पीएफआई, अल–कायदा (एक्यूआईएस) और इसके सभी स्वरूप। दुख्तरान–ए–मिल्लत (डीईएम), इंडियन मुजाहिदीन, इसके सभी संगठन तथा अग्रिम संगठन, इस्लामिक स्टेट,इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवेंट, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया, दाइश, इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी), आईएसआईएस विलायत खुरासान, इस्लामिक स्टेट, तहरीक–उल–मुजाहिदीन (टीयूएम), जमात–उल–मुजाहिदीन बांग्लादेश, जमात–उल–मुजाहिदीन भारत, जमात–उल–मुजाहिदीन हिंदुस्तान, ये गिनती और भी अभी बड़ी है, किंतु यहां इतना ही। तब ये एवं अन्य जो इस्लामिक इस प्रकार के संगठन हैं इन सभी की हर प्रकार की गतिविधि पर प्रतिबंध है और इन्हें आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, यदि आप इन सभी के उद्देश्य एवं कार्य देखेंगे तो यह एक बात समान रूप से कहते और मानते हैं, वह है गैर मुसलमानों पर हिंसा करना, उनके कत्ल करना, उन्हें हर संभव अलग–अलग तरह से चोट पहुंचाना और ऐसा करने को ये सभी जिहाद का नाम देते हैं। यानी कि इससे स्पष्ट होता है कि जो भी जिहाद के नाम पर दुनिया में या भारत में कहीं भी हो रहा है उसका मूल उद्देश्य गैर मुसलमानों के प्रति नफरत भरा काम करना है।

जैसा कि ताजा उदाहरण बिहार के गोपालगंज जिले से सामने आया है। यहां शिक्षिका सुल्ताना खातून ने बच्चों को एक अनुवाद दिया, जिसमें कहा गया कि बच्चों तुम– ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 वर्षों से लोगों को बना रहे मूर्खं₹ – इस पर इंग्लिश ट्रांसलेशन कर दिखाओ। तब कुछ छात्र यह सुन कर असहज महसूस करने लगे। बाद में घर जाकर अपने–अपने अभिभावकों को पूरी बात उन्होंने बताई। इसके बाद अभिभावकों ने इसकी लिखित शिकायत की। अब प्रश्न यह है कोई अपने प्रधानमंत्री को लेकर विद्यार्थियों के मन में जहर कैसे भर सकता है? प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को शक्तिशाली बनाने के लिए जो कार्य किए हैं, आज उनका लोहा तो पूरी दुनिया मान रही है। फिर ये शिक्षिका सुल्ताना खातून अपने प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की सोच सरकारी सिस्टम में रहते हुए कैसे रख सकती हैं और यदि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से किसी भी प्रकार की नफरत है, तब वह उसे शासकीय सेवा में रहते हुए वह भी ड्यूटी में रहकर उसे इस तरह सार्वजनिक रूप से कैसे व्यक्त कर सकती है और दूसरों को भी इस तरह से करने के लिए उकसा सकती है? वास्तव में यह भी एक प्रकार का जिहाद है, अपने वर्तमान राज्यीय सिस्टम, देश की सरकार एवं राज्य सरकारों के प्रति अविश्वास पैदा कर दो, ताकि उसका दूरगामी लाभ अपने हित में अधिकतम उठाया जा सके।

# गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश



ललित गर्ग

जम्मू–कश्मीर के गांदरबल जिले में रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद–370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू–कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे।

लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू–कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू–कश्मीर के समाज के विविध ताने–बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर–स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा–तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड–मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू–कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक–अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देशय पूरे करने की कोशिश की है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में एक बड़ी आतंकी घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाना हमारे लिये चिन्ता के साथ चेतावनी भी है। यह घटना चेता भी रही है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निर्वाचन क्षेत्र गांदरबल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टनल प्रोजेक्ट में कार्यरत सात प्रवासी श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। मृतकों में एक स्थानीय डॉक्टर भी शामिल था। मरने वालों में पंजाब, बिहार और कठुआ के रहने वाले मजदूर शामिल हैं। कई श्रमिकों के घायल होने की खबर है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये सभी श्रमिक काम खत्म करने के बाद मेस में खाना खाने बैठे थे। तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। निश्चितरूप से यह आतंकवादियों की कायराना एवं शर्मनाक करतूत है। इस घटना से चार दिन पहले शोपियां में बिहार के एक मजदूर की हत्या कर दी थी। ये हत्याएं आतंकवाद की अंधाधुंध हिंसक एवं आतंकी प्रकृति को उजागर करती हैं जो अपने रास्ते में किसी को भी नहीं छोड़ते। निर्दोष नागरिकों की बेवजह हत्या किसी एक परिवार के किसी प्रियजन को ही नहीं छीनता बल्कि उन लोगों में भी खौफ पैदा करता है जो आतंकवाद की छाया में भी रोजी–रोटी कमाने के लिए जम्मू–कश्मीर में मजदूरी करते हैं।



क्या नई सरकार का गठन आतंकवादियों के लिये सहुलियतभरा है? ऐसा है तो इसके सन्देश को समझना होगा। स्वयं उमर अब्दुल्ला सरकार एवं नेशनल कांफ्रेन्स को इसे गलत साबित करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सख्त होना होगा। एक बड़ा प्रश्न है कि जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले एकाएक बुलंद क्यों हो गये? गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेन्स को बहुमत मिला था तो कश्मीर घाटी में इस जीत की खुशी में आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। यहां तक की पाकिस्तान के झंडे भी लहराए गए थे। ऐसा क्यों हुआ? इस तरह आतंकियों के हौसलें बुलन्द होना नवगठित सरकार एवं वहां की जनता के लिये गहन चिन्ता का विषय होना चाहिए। भले ही हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष–विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू–कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं।

सम्मिलित सुनियोजित प्रयासों से जम्मू–कश्मीर को आतंकवाद के बचे–खुचे निशानों से भी मुक्त करने का लक्ष्य अब पहुंच से दूर नहीं कहा जा सकता। लेकिन इसके लिये सन्देह एवं शंकाओं के घेरों को तोड़ना होगा। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं उनके प्रयासों को बिना राजनीति किये तीक्ष्ण एवं तीव्र करना होगा। इस बीच जम्मू कश्मीर के उरी सेक्टर में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की है जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। जाहिर है पाकिस्तान कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने के लिए सीमा पार से साजिशें कर रहा है। इसलिए जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है ताकि आतंकवादी कश्मीर घाटी में फिर ऐसी आतंकी घटना की पुनरावृत्ति न कर पाए।

जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर यह संदेश दिया कि घाटी में लोकतंत्र महके, ना कि दहके। यह जनादेश आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्ति की चाहत का परिणाम है। राज्य की जनता ने अपनी उम्मीदों को लेकर सरकार चुनी और नैशनल कांफ्रैंस पर भरोसा जताया। नई सरकार के सामने जनता की उम्मीदों को पूरा करने की चुनौती तो है ही, सबसे बड़ी चुनौती तो आतंकवाद को जड़ से खत्म करना और ऐसा वातावरण सृजित करना है जिसमें आम आदमी खुद को सुरक्षित महसूस करे और इस क्षेत्र में विकास की धारा के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। जम्मू–कश्मीर में गरीबी, अन्याय और आतंकवाद के खिलाफ अभी लम्बा सफर तय करना बाकी है। आतंकवाद के पैर उखाड़ने के लिये जनता एवं सरकार की मिली–जुली शक्तियां सामने आये।

# भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या



डॉ. सत्यवान सौरभ

दुनिया के सबसे खराब वायु प्रदूषण वाले 30 शहरों में से 21 भारत में हैं। दुनिया भर के राजधानी शहरों में सबसे खराब वायु गुणवत्ता नई दिल्ली में है। नई दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा–निर्देशों से लगभग 10 गुना अधिक है। इन शहरों में मौजूद भारी प्रदूषण यहाँ रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है, जो इन्हें हर गुजरते दिन के साथ कहीं ज़्यादा बीमार बना रहा है। यदि जीवन प्रत्याशा के लिहाज से देखें तो भारतीय शहरों में मौजूद प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा ख़तरा है। जो हर भारतीय से उसके जीवन के औसतन 5.3 वर्ष छीन रहा है। भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या के बीच सम्बंध आर्थिक विकास के लिए शहरी विरासत के सतत संरक्षण और उपयोग के विचार पर टिका है। टिकाऊ प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, शहर एक साथ वायु प्रदूषण का समाधान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐतिहासिक इमारतों का अनुकूली पुनः उपयोग नए निर्माण की आवशयकता को कम कर सकता है, जिससे धूल और सम्बंधित वायु प्रदूषक कम हो सकते हैं। इसके अलावा, ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों में स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से आर्थिक गतिविधियों को प्रदूषण–गहन उद्योगों से दूर पर्यटन जैसी अधिक टिकाऊ प्रथाओं की ओर स्थानांतरित किया जा सकता है।

भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, जहाँ शहरीकरण जारी है, पर्याप्त परिवहन प्रबंधन, उपयुक्त सड़कें और उद्योगों के अनियोजित वितरण जैसी सेवाओं की कमी के कारण वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं से पीड़ित हैं। शहरों में भीड़भाड़ वाली सड़कें वाहनों की औसत गति को कम करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों से होने वाला उत्सर्जन अधिक होता है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता है और अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाकर मानव स्वास्थ्य के लिए ख़तरा पैदा कर रहा है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, इन शहरी क्षेत्रों में जटिल और गहन मानवीय गतिविधियाँ प्रदूषकों के उत्सर्जन को बढ़ाकर समस्या को बढ़ा रही हैं। प्रदूषण और धुंध से निपटने के प्रयास अक्सर शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित होते हैं। इनकी रोकथाम के लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना या उद्योगों और निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करना जैसे उपायों पर ही ध्यान केंद्रित किया जाता है। वहीं, आमतौर पर इन उपायों में ग्रामीण स्रोतों की अनदेखी कर दी जाती है। यही वज़ह है कि अपने इस अध्ययन में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए शोधकर्ताओं ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रयास करने का सुझाव दिया है। निजी स्वामित्व वाली ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने से मौजूदा शहरी परिदृशय को बनाए रखते हुए, वायु प्रदूषण में योगदान देने वाले शहरी फैलाव को कम किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सतत शहरीकरण के लिए आवशयक नीतियाँ बनानी अत्यंत ज़रूरी है। भारतीय शहरों में छोटे व्यवसायों और कारीगरों को समर्थन देने के लिए माइक्रोक्रेडिट और ऋण जैसे वित्तीय उपकरण अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जो प्रदूषणकारी गतिविधियों से दूर जाने को प्रोत्साहित करेंगे। इसके अलावा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए वित्तीय प्रोत्साहन राष्ट्रीय और नगरपालिका दोनों स्तरों पर लागू किया जा सकता है।

पर्यावरण सम्बंधी नीतियों को शहरी नियोजन को विरासत संरक्षण के साथ एकीकृत करना चाहिए, जैसा कि चीन के प्राचीन शहर पिंग याओ जैसे सफल मामलों से उजागर हुआ है। ऐसी एकीकृत नीतियों के माध्यम से शहरी फैलाव का प्रबंधन सीधे वायु प्रदूषण में कमी पर प्रभाव डाल सकता है। सामाजिक आवास या एसएमई के लिए ऐतिहासिक इमारतों के अनुकूली पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करने से निर्माण–सम्बंधी वायु प्रदूषण को कम करने में योगदान मिल सकता है जो भारतीय शहरी केंद्रों में प्रमुख है। ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों के भीतर स्थानीय आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए वित्तीय नीतियों को आगे बढ़ाने से भारी उद्योगों पर निर्भरता कम हो सकती है और सांस्कृतिक उद्यमों और टिकाऊ पर्यटन जैसे कम प्रदूषण वाले क्षेत्रों को बढ़ावा मिल सकता है। भू–स्थानिक तकनीकों के साथ उपग्रह डेटा जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन तथा सम्बंधित स्वास्थ्य प्रभावों के स्थानिक–अस्थायी वितरण पैटर्न की निगरानी और मानचित्रण में बहुत मददगार हो सकता है। इसलिए, भारत जैसे विकासशील देशों में स्मार्ट शहरों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से बचने के लिए टिकाऊ शहरी पर्यावरण के लिए उचित शहरी नियोजन और टिकाऊ उपाय किए जाने चाहिए।

राष्ट्रीय और स्थानीय स्तरों के बीच नीतिगत सामंजस्य और समन्वय यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि शहरी विरासत संरक्षण के वित्तपोषण के लिए नवीन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे स्थायी विकास को बढ़ावा देकर अप्रत्यक्ष रूप से वायु गुणवत्ता प्रभावित हो। शहरी विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवशयकता है, जो टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने के लिए नवीन वित्तीय उपकरणों के साथ हमारी ऐतिहासिक शहरी विरासत के संरक्षण को एकीकृत करें। भारतीय शहर अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख सकते हैं और ऐसी नीतियों को अपना सकते हैं जो संरक्षण प्रयासों को आर्थिक प्रोत्साहन के साथ जोड़ते हैं। इसके अतिरिक्त एक शहरी वातावरण को बढ़ावा दिया जा सकता है जो न केवल अपने अतीत को संरक्षित करता हो बल्कि अपने नागरिकों के लिए एक स्वस्थ, कम प्रदूषित भविष्य भी सुरक्षित करता हो। चूँकि शहरी भारत विरासत के संरक्षण और सतत विकास की आवशयकता के मध्य खड़ा है, ऐसे में नवीन वित्तपोषण तंत्र और नीतियाँ हैं अपनाना अपेक्षित है, जो इसके शहरों को सभी के लिए लचीले, समावेशी और प्रदूषण मुक्त आवासों में बदलने में सक्षम बनाएंगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सावधान : अनजाने में मिलावटखोरी के जहर का सेवन



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के समय में शुद्ध आहार मिलना बेहद मुश्किल हो गया है क्योंकि हर कोई अपने फायदे के लिए दूसरों की जान लेने पर तुला है। कुछ सालों में देश में कैंसर, हृदय विकार, ब्रेन स्ट्रोक और मानवीय अंगो के विफल होने की तादाद अत्यधिक बढ़ गयी है। हर उम्र के लोगों में असामयिक मौत का आंकड़ा लगातार ऊंचाई छू रहा है और मनुष्य शारीरिक व मानसिक तौर पर कमजोर हो रहा है। इन समस्या की मुख्य जड़ मिलावटखोरी का जहर और जहरीला प्रदुषण है। अनजाने में ही सही लेकिन मिलावटखोरी के जहर और प्लास्टिक का सेवन हम रोज कर रहे है। नागपुर का सरकारी अस्पताल, जो एशिया के बड़े अस्पतालों में गिना जाता है, वहां हाल ही में हजारों मरीजों को नकली दवाइयां बाँटी गयी। विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में प्रसाद के लड्डू में पशु चर्बी के मिलावट का पर्दा फाश हुआ। फसल पर हानिकारक कीटनाशकों का छिड़काव, अनाजों को पोलिश, खाद्यपदार्थों को आकर्षक बनाने के लिए घातक रासायनिक रंगों का प्रयोग, फलों को जल्द पकाने के लिए जानलेवा रसायनों का इस्तेमाल और नकली खाद्यपदार्थ का धड़ल्ले से प्रयोग कर आम लोगों की जान से खिलवाड़ किया जाता है और खाद्य पदार्थों में अस्वछता की गंभीर समस्या तो पहले से ही बनी है। फसलों पर छिड़काव किये जानेवाले कीटनाशकों के जहर के असर का इसी बात से अंदाजा लगा सकते है कि छिड़काव के दौरान असावधानी होने पर मनुष्य तुरंत जान गवांता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2020 से 2021 में भारत में कीटनाशक विषाक्तता से संबंधित मौतों की संख्या में 6% की वृद्धि हुई हैं। पिछले सप्ताह नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खेत से बहने वाले पानी को पीकर बाघ की मौत हो गयी, क्योंकि वह कीटनाशक मिश्रित जहरीला पानी था। हमारे देश में त्योहार आते ही जरुरी उत्पादों की मांग बढ़ जाती है और आश्चर्य की बात है कि मांग बढ़ने पर पूर्ति की सामग्री सिमित होने के बावजूद सामग्री के सप्लाई में कमी नहीं आती है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र राज्य में कोजागिरी पूर्णिमा के दिन दूध का विशेष पेय बनाया जाता है। इस दिन दूध की मांग अन्य दिनों के मुकाबले दोगुनी से अधिक होने के बावजूद पूर्ति उससे भी ज्यादा उपलब्ध होती है। अब ऐसा नहीं हो सकता कि केवल खास दिवस पर ही दुधारू पशु दुगना दूध देते है और उत्पादन एक दिन में दुगना हो जायें। अगर गाय एक दिन में 10 लीटर दूध देती है, तो रोज की तरह 10 लीटर ही दूध देगी, फिर अचानक मार्केट में दूध की आपूर्ति कैसे बढ़ जाती है?

मिलावट की इस खाद्य सामग्रियों से स्वास्थ्य की रक्षा कैसे करें? यह गंभीर सवाल उपस्थित होता है। गुणवत्ताहीन और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन के मामले में फिलहाल हम शिखर पर है। चिकित्सक कहते हैं कि जंक फूड खराब होता है, फलों का सेवन करना बेहतर है, लेकिन अब मार्केट में कैसे फल खरीदे? अपना एक अनुभव साझा कर रहा हूँ, दो दिन पहले मैंने शहर के मुख्य फल मार्केट से अच्छे गुणवत्ता के सेब और मौसंबी खरीदी थी। फलों का बाहरी आवरण देखकर, अच्छी तरह छाँटकर फल खरीदने के बावजूद दूसरे दिन ही उसमे से आधे से ज्यादा फल सड़ गए। फल खरीदते वक्त मैंने फल विक्रेता से आजकल के गुणवत्ताहीन फलों के बारे में शिकायत भी की थी, तो फल विक्रेता का कहना था, कि उनके पास के फल बहुत उच्च गुणवत्ता के है, कोई शिकायत नहीं होगी, फिर भी फल खराब निकले। फलों के जल्दी खराब होने की मुख्य वजह उन पर होने वाली घातक रासायनिक प्रक्रिया है और दूसरी वजह पल–पल बदलता मौसम है।



कंज्यूमर गाइडेंस सोसायटी ऑफ इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट में पाया गया कि बाजार में उपलब्ध 79% ब्रांडेड या खुला दूध अयोग्यता का गंभीर विषय है। साल 2019 में दूध के पैकेट के 413 नमूनों का परीक्षण किया गया था, उनमें से केवल 87 दूध के नमूने ही भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानक विनिर्देशों के अनुसार योग्य पाए गए। स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालने वाले दूध में कुछ प्रमुख मिलावट यूरिया, फॉर्मेलिन, डिटर्जेंट, अमोनियम सल्फेट, बोरिक एसिड, कास्टिक सोडा, बेंजोइक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, शर्करा और मेलामाइन हैं। दूध केवल हम पीते ही नहीं है, बल्कि हजारों तरह के खाद्यपदार्थ, मिठाइयां और व्यंजन बनाने में इसी दूध का प्रयोग होता है। देश में उत्पादन से ज्यादा दूध बेचा जाता है। आज दूध से बने अधिकतर खाद्य पदार्थों में शुद्ध दूध का स्वाद ही महसूस नहीं होता है। जबकि उत्पाद पूर्णत शुद्ध है, हमें ये समझाने का भरसक प्रयास विक्रेता करता है। रिसर्च कहता है कि देश में हर तीसरा व्यक्ति नकली दूध का सेवन कर रहा है।

आज की पीढ़ी बाहर खाना पसंद करती है, हर चीज उन्हें इंस्टेंट चाहिए, गुणवत्ता नहीं, सिर्फ स्वाद ही मायने रखता है। अक्सर सोशल मीडिया पर बहुत से वायरल वीडियो में स्ट्रीट फूड के रंगबिरंगे व्यंजन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दिखाई पड़ते है। 20–30 रुपये के व्यंजन में भी खूब भर–भरकर बटर, पनीर डाला जाता है, जैसे वह शुद्ध बटर न होकर साधा पानी हो, उसकी कीमत के हिसाब से गुणवत्ता क्या होगी, वह हम समझ सकते है। निम्न दर्जे के खाद्य पदार्थ, अधिकतम पैकेट बंद मसाले, सॉसेज, चटनी, और तेल का अधिकतम प्रयोग, स्वच्छता की कमी नजर आती है। बहुत बार खाद्य पदार्थ तलने के बाद भी वह तेल बार–बार उपयोग में लाया जाता है। गर्म खाद्यपदार्थों में भी प्लास्टिक का प्रयोग बेहद हानिकारक है फिर भी उपयोग किया जाता है। ज्यादातर ऐसे व्यंजनों में गुणवत्ता से समझौता किया जाता है और पोषक तत्वों की जगह केवल विषाक्त तत्व ही दिखाई पड़ते है। बाहरी खाद्य पदार्थों में अधिकतर मिलावटी सामग्री के प्रयोग की संभावना ज्यादा होती है। उदाहरण के लिए अगर हम मार्केट से साबुत मसाले लाकर घर पर पिसा मसाला बनाएं, मूंगफली से तेल, दूध से पनीर, टमाटर से सॉस बनाये फिर भी मार्केट में तैयार उत्पाद से कई गुना महंगा उत्पाद हमारा होगा। फिर मार्केट में इतने सस्ते में उत्पाद कैसे बिकते है? जबकि महंगाई का जमाना है।

मिलावटी भोजन अत्यधिक विषैला होता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, मिलावटी भोजन के सेवन से दस्त, मतली, एलर्जी, मधुमेह, हृदय रोग, किडनी विकार, गुर्दे, कैंसर, लेथिरिज्म, तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोग और यकृत सहित अंग प्रणालियों की विफलता शामिल है। कुछ मिलावटों में कार्सिनोजेनिक, क्लैस्टोजेनिक और जीनोटॉक्सिक गुण पाए गए हैं। लैंसेट के अध्ययन में पाया गया कि 2019 में भारत में दूषित पानी से पांच लाख से अधिक मौतें हुई। हमारे देश में अधिकतर खाद्य पदार्थ हानिकारक तत्वों के साथ मौजूद है, देश में नकली शराब से भी हर साल बड़ी संख्या में मौतें होती है। आज किसी भी खाद्यपदार्थ को सौ फीसदी शुद्ध कहना बहुत मुश्किल है। जंक ×फूड, मैदा, शक्कर, नमक, तेल पहले से ही धीमे जहर की तरह काम करके घातक बीमारियों से हमें जकड रहे है, ऊपर से देश में बढ़ता प्रदुषण हमारी सांसे कम कर रहा है। लैंसेट अध्ययन के अनुसार, 2019 में भारत में प्रदूषण के कारण 23 लाख से ज़्यादा असामयिक मौतें हुई। इस मिलावटखोरी की दुनिया में कुछ भी शुद्ध होने का भरोसा नहीं होता। जागरूक रहें, दिखावे पर न जाएं, चटोरी जबान पर नियंत्रण रखें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें, घर के खाद्य पदार्थों को ही प्राथमिकता दें और स्वस्थ रहें।

# संक्षिप्त समाचार

## समान पात्रता परीक्षा मे आदेशों की अवहेलना तीन कार्मिकों को नोटिस जारी

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** राजस्थान के भरतपुर में राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर) 2024 में ड्यूटी पर लगाये गये 3 कार्मिकों को लापरवाही बरतने पर 17 सीसीए के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है।जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला परीक्षा संचालन समिति भरतपुर डॉ. अमित यादव ने बताया कि परीक्षा केन्द्र महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय भरतपुर में पर्यवेक्षक की ड्यूटी पर लगाए गए प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलौठी राजेन्द्र सिंह, परीक्षा केन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवर पर पर्यवेक्षक के रूप में ड्यूटी पर लगाई गई प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रूपवास गोपाली देवी मीना के ड्यूटी पर अनुपस्थित पाये जाने, आदेशों की अवहेलना करने व लापरवाही बरतने, सतर्कता दल क्रमांक 3 में ड्यूटी पर लगाये गये मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उच्चैन देवेन्द्र सिंह द्वारा निर्धारित समय पर बैठक में अनुपस्थित पाये जाने, आदेशों की अवहेलना करने व लापरवाही बरतने पर 17 सीसीए के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## दिव्यांगजनों को 23 अक्टूबर को वितरित किये जायेंगे सहायक उपकरण

**चमकता राजस्थान/ भरतपुर,(राजवीर सिंह)** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भरतपुर द्वारा जिले में दिव्यांगजनों हेतु 2 सितम्बर से 10 सितम्बर 2024 तक लगाये गये चिन्हिकरण शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों को 23 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10 बजे से यूआईटी ऑडिटोरियम में सहायक उपकरण उपलब्ध करवाये जायेंगे।

संयुक्त निदेशक सामजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि जिला प्रशासन भरतपुर के सहयोग से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत सरकार की एडिप योजना के अन्तर्गत एवं इंडियन रेलवे फाईनेंस कॉरपोरेशर के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अन्तर्गत दिव्यांजन हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे।

## एबीवीपी : प्रवीण बने सुविवि इकाई अध्यक्ष



**चमकता राजस्थान। उदयपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उदयपुर महानगर के सुविवि व संघटक महाविद्यालयों की इकाई घोषणा वाणिज्य सभागार में की।

महानगर मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष प्रवीण टांक एवं सचिव गौतम बंधु निर्वाचित हुए। परिषद के चित्तौड़ प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. पारस टांक ने बताया कि इसमें कार्यकर्ताओं को संगठन के पूरे वर्ष के कार्यों व राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। वाणिज्य महाविद्यालय में इकाई अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, इकाई सचिव हर्ष राजानी, विज्ञान महाविद्यालय में इकाई अध्यक्ष अमन विश्वकर्मा, इकाई सचिव काजल चौहान, विज्ञान भवन में इकाई अध्यक्ष साची भट्ट, इकाई सचिव ध्रुव राव, महाविद्यालय में इकाई अध्यक्ष हाकम सिंह, इकाई सचिव निकुंज पटेल व मनोनीत किया गया है।

## सरसों के बीज को ग़लत दवा से उपचारित न करें किसान

**चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह)** सरसों की बुवाई से पहले उन्नत किस्म के बीज और दवाई की पहचान करना अति आवश्यक है। इसके अभाव में सरसों की फसल को भारी नुकसान हो सकता ।रबी फसलों की बुआई की शरुआत होने के साथ ही किसानों ने सरसों की बुवाई शुरू कर दी है। सरसों की बुवाई राजस्थान राज्य के सभी जनपदों में प्रारंभ हो गई है सरसों अलवर, भरतपुर, टोंक, करौली, सवाई माधोपुर आदि जनपदों में मुख्य रूप से उगाई जाती है बुवाई करने के पहले किसानों को बीज उपचारित करने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा सुझाए गए रसायनों का ही प्रयोग करना चाहिए, भरतपुर संभाग के भरतपुर,



अलवर जनपद के क़िसानों को ग़लत दवा का सुझाव देने से कुछ किसानों की सरसों जमाव के बाद पौधे सफ़ेद होने की समस्या देखी जा रही है इन दवाओं में जो थायोमेथोक्सम ३०% एफ़ एस (थायोफ़्लो) ज़्यादा मात्रा में विक्रेताओं द्वारा दी जा रही है जिसे किसान १०-१२ मिली प्रति किलो बीज की दर से उपचारित कर रहा है जो की बहुत ज़्यादा है और इसी वजह से सरसों ख़राब हो रही है ज़्यादा दवा का प्रयोग करने से काफ़ी किसान परेशान हैं कृषि विज्ञान केंद्र भरतपुर के वैज्ञानिक बताते हैं कि किसानों को पहले से उपचारित पैकेट बीज को किसी अनाधिकृत केमिकल की अत्याधिक मात्रा से उपचारित नहीं करना चाहिए, कृषि आदान विक्रेताओं को आगाह करते हुए कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के वैज्ञानिक डॉ. देवा राम बाजिया बताते हैं कि विक्रेताओं को किसी भी हालत में जो दवाएँ सरसों की फसल में अनुशंसित नहीं हैं उनको किसानों को नहीं देना चाहिए ताकि सरसों में हो रहे सफ़ेद पौधे एवं नुक़सान को बचाया जा सके । बीज उपचार करते समय इस बात का कड़ाई से पालन जरूर करे, सबसे पहले फफूंदनाशक , फिर कीटनाशक और अन्त मे राइजोबियम जीवाणु का प्रयोग करे। बीज पहले से उपचारित हो तो दोबारा से कदापि नही करे और बीजाई करते समय तापमान का विशेष ध्यान रखे।

# क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से मुकाबले के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

## नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हासिल करेंगे नेट जीरो का लक्ष्य : ऊर्जा राज्यमंत्री

**चमकता राजस्थान**





**जयपुर।** ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर वर्ष-2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन (नेट जीरो) के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी का परिणाम है कि हमारे देश की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 200 गीगावाट से अधिक हो गई है और राजस्थान 29.85 गीगावाट स्थापित क्षमता के साथ इसमें सर्वाधिक योगदान दे रहा है।

नागर मंगलवार को जयपुर के होटल हयात में साउथ एशियन क्लीन एनर्जी फोरम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्कॉटलैंड में वर्ष-2021 में आयोजित यूनाइटेड नेशंस क्लाइमेट चेंज सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन तथा कार्बन उत्सर्जन की समस्या से निपटने के लिए पांच सूत्री पंचामृत एजेंडा प्रस्तुत किया था। इसके माध्यम से उन्होंने साल 2030 तक भारत की ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से पूरा करने तथा कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

नागर ने कहा कि क्लाइमेट चेंज से उत्पन्न चुनौतियों का मजबूती से मुकाबला करने तथा अक्षय ऊर्जा तक आमजन की पहुंच सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और राजस्थान इस दिशा में उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि साउथ एशिया क्लीन एनर्जी फोरम के माध्यम से नीति निर्माता, स्टेक होल्डर्स, डवलपमेंट पार्टनर्स तथा विशेषज्ञ एक ही मंच पर आकर ऊर्जा के क्षेत्र में भविष्य की नीतियों को आकार देंगे। उन्होंने नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, बांग्लादेश आदि के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाने के लिए भारत में अमरीकी राजदूत श्री एरिक गार्सेटी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इससे पहले भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि विश्व की करीब एक-चौथाई जनसंख्या तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत भागीदारी रखने वाले इस उप महाद्वीप में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देना समय की मांग है। उन्होंने क्लाइमेट चेंज के कारण पर्यावरण पर बढ़ते खतरों की ओर ध्यान आकृष्ट किया। गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका तेजी से बढ़ते उप महाद्वीप के देशों में अक्षय ऊर्जा रूपान्तरण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह फोरम इसी दिशा में एक प्रभावी पहल है।

अमेरिकी राजदूत ने इस अवसर पर दक्षिण एशियाई रीजन में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए तीन नए कार्यक्रमों-शहरों के पर्यावरण अनुकूल विकास पर अमेरिका-दक्षिण एशिया मेयरल प्लेटफॉर्म, इंडो-अमेरिकी लो कार्बन कम्फर्ट एंड कूलिंग कलेक्टिव तथा क्लीन एनर्जी इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन प्लेटफॉर्म की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कूलिंग कलेक्टिव प्रोग्राम के माध्यम से वर्ष 2030 तक सुपर एफिशिएंट कूलिंग तकनीक के लिए एक बिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य है।

फोरम को मालदीव सरकार की ट्रांसपोर्ट एंड सिविल एविएशन सचिव मरियम शहाना, भूटान सरकार के एनर्जी एंड नेचुरल रिसोर्सेज सचिव दाशो करमा शेरिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड ट्रांसपोर्ट सचिव दाशो फुंशो टोबगे, नेपाल सरकार में एनर्जी, वाटर रिसोर्सेज एंड इरीगेशन सचिव सुरेश आचार्य, श्रीलंका सरकार में पावर एंड एनर्जी के अतिरिक्त सचिव एके एन विक्रमसिंघे, मध्यप्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। अमेरिकी अन्तरराष्ट्रीय विकास एजेंसी यूएस-एड के डायरेक्टर इंडो पैसेफिक श्री आरोन श्बर्ट ने आभार व्यक्त किया।

## 49 वी बार रक्तदान ,प्लेटलेट्स देकर केकड़ी निवासी गोपाल लाल वैष्णव की बचाई जान



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक :-श्रीनगर**

अजमेर कल देर रात एडवोकेट मनोज बैरवा के पास बांदनवाड़ा से जीवन ज्योति संस्था से मुकेश पूरी ने जो कि समय समय पर रक्तदान शिविर करवाते रहते हैं उन्होंने बताया कि केकड़ी निवासी गोपाल लाल वैष्णव को डेंगू हो गया और उनकी प्लेटलेट्स 2000 से भी कम है ऐसी परिस्थिति में उनकी जान को भी खतरा है और उनको प्लेटलेट्स की तुरंत आवश्यकता है उनके 2 दिन पहले ही हार्ट में स्टंट डला था और अभी नाजुक स्थिति बनी हुई है ऐसे में उन्हें एसडीपी चढ़ना बहुत आवश्यक है और उनका ब्लड ग्रुप एबी -ve है जो कि बहुत ही दुर्लभ रक्त समूह है। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली कि श्रीनगर निवासी एडवोकेट मनोज बैरवा का भी वही ब्लड ग्रुप है और वह रक्तदान करते रहते हैं।उनसे रात 10 बजे संपर्क किया और उन्होंने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत आकर एसडीपी (प्लेटलेट्स) डोनेट किया और मरीज की जान बचाई। परिवार जनों और ब्लड बैंक के स्टाफ़ ने उनका धन्यवाद कर आभार जताया। एडवोकेट मनोज बैरवा का ब्लड ग्रुप एबी -ive है जो कि विश्व की कुल जनसंख्या का 0.5% उपलब्धता वाला ब्लड ग्रुप है जो कि बहुत रेयर (अत्यंत दुर्लभ) रक्त समूह है और एडवोकेट मनोज बैरवा ऐसी गंभीर हालत के मरीजों के लिए हर तीन चार माह पूर्ण होने पर रक्तदान करते रहते हैं उन्होंने इससे पहले 48 बार रक्तदान किया है और यह उनका 49 वी बार किया गया रक्तदान है उन्होंने अपील की है कि अभी पूरे प्रदेश में डेंगू का प्रकोप फैला हुआ है और डेंगू के मरीजों में प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाती है जिससे कई जाने अब तक जा चुकी है ऐसे में हम सभी लोगों को जागरूक होकर रक्तदान और एसडीपी डोनेट करना चाहिए जिससे लोगों की जान बचाई जा सके।

## पार्टी एकजुट है, मजबूती से संगठित होकर लडेगी चुनाव: मदन राठौड़

### कांग्रेस सरकार का पूरा समय तो होटलों में सरकार को बचाने में निकल गया और जनहित के काम नहीं हुए: मदन राठौड़



**चमकता राजस्थान**

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस अपने आप को कमजोर मान रही है। हम विकास के आधार पर और भजनलाल सरकार की उपलब्धियों को लेकर उपचुनाव में जनता के बीच जा रहे है। भाजपा अपने दम पर चुनाव लडेगी और कोई पार्टी में आता है तो उसका स्वागत है। सत्ता और संगठन में बेहतर तालमाल है। पार्टी एकजुट व संगठित होकर चुनाव लडेगी।

मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान के लिये बहुत मेहनत कर रहे है और निरंतर निवेश लाने में लगे हुए है। इसी कड़ी में आज भी तीन लाख करोड़ के एमओयू हुये है। कांग्रेस को दिल बड़ा रखकर प्रदेश के विकास के लिये मुख्यमंत्री की आलोचना करने की जगह प्रशंसा करनी चाहिए। कांग्रेस ऐसा सोचती है कि उनकी सरकार निवेश लाने में विफल रही तो भाजपा सरकार भी विफल रहेगी परन्तु कांग्रेस सरकार का पूरा समय तो होटलों में सरकार को बचाने में निकल गया और जनहित के काम नहीं हुए।

निवेश करनी वाली कम्पनियों को भजनलाल सरकार पर पूरा भरोसा है। निवेश यहाँ आयेगा और धरातल पर जायेगा और राजस्थान के लोगों को रोजगार मिलेगा और सरकार भी कम्पनियों को सभी जरूरतमंद सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी।

# शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार ने किया सहकार दीपोत्सव मेले का विधिवत शुभारम्भ

## सस्ती दरों पर उपलब्ध ग्रीन पटाखे एवं त्यौहारी सामग्री

**चमकता राजस्थान**




### जयपुर में 30 अक्टूबर तक आयोजित हो रहा है मेला

जयपुर। सहकारिता विभाग की शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने मंगलवार को यहां भवानी सिंह रोड़ स्थित नवजीवन सहकारी बाजार में उपभोक्ता संघ के उपहार सहकार दीपोत्सव मेले का विधिवत शुभारम्भ किया। यह मेला 30 अक्टूबर तक प्रातः 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर श्रीमती राजपाल ने कहा कि सहकारिता गुणवत्ता का प्रतीक है। आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहकार दीपोत्सव मेले का आयोजन किया जाता है ताकि लोगों को गुणवतापूर्ण वस्तुएं उचित मूल्य पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संघ की अपनी एक विशेष साख है और उत्पादों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है। श्रीमती राजपाल ने कहा कि सहकारिता विभाग सहकार से समृद्धि की दिशा में कार्य करता है और लोकल के प्रति वोकल पर हमारा खास फोकस रहता है।

मेले का मुख्य आकर्षण शिवकाशी (तमिलनाडू) के ग्रीन पटाखे हैं, जिन पर 65 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। श्रीमती राजपाल ने कहा कि मेले में डिमांड के अनुरूप पटाखों की उपलबधता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेले के प्रति लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और हमारा प्रयास है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक बिक्री हो। श्रीमती राजपाल ने मेले में लगी सभी स्टॉल्स का अवलोकन किया और उत्पादों तथा उन पर दी जा रही छूट के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मेले में एमएमटीसी के चांदी के सिक्के भी उचित मूल्य पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार ने अधिकारियों से व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और मेले में सुरक्षा एवं अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के निर्देश दिए।

उपभोक्ता संघ की प्रबंध संचालक श्रीमती शिल्पी पांडे ने बताया कि उपहार दीपोत्सव मेले में जयपुरवासियों के लिए खुले व गिफ्ट पैक में ग्रीन पटाखे, बर्तन, सजावटी फ्लावर, डिजाइनदार कैन्डल्स, बेडशीट्स के साथ ही पूजन सामग्री भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, सूखे मेवे के उपहार पैक, नमकीन, परिधान और हाउस होल्ड सामान भी उपलब्ध है।

इससे पहले शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार श्रीमती मंजू राजपाल ने मेला स्थल पर गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर दीपोत्सव मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विभाग व उपभोक्ता संघ के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जयपुर विकास प्राधिकरण उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई के निर्देशन में कर रहा है निर्बाध रूप से प्रभावी कार्रवाई

## जेडीए ने 25 बीघा भूमि पर राधिका विहार द्वितीय सहित तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## जोन-10 में चार मंजिला अवैध व्यावसायिक भवन को किया सील

चमकता राजस्थान







**जयपुर! (खलील कुरैशी) 22 अक्टूबर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन में केशव विद्यापीठ जामडोली के सामने जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनी अवैध 4 मंजिला बिल्डिग की नियमानुसार पुख्ता सील की गई। साथ ही ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी करीब 25 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन- 10 के क्षेत्राधिकारईकोलोजिकल जोन में अवस्थित केशव विद्यापीठ जामडोली के सामने जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ 4 मंजिला बिल्डिग/कॉम्पलैक्स का अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था । परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) नोटिस जारी कर आज दिनांक 22.10.2024 को उक्त अवैध 4 मंजिला व्यावसायिक बिल्डिग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेटों, शटरों पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुए व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम जामडोली मरूधर स्कूल के पास जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''राधिका विहार-2'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल की सडकें, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित सुमेल रोड पर बड गोती फार्म हाउस के समाने रोनक स्कूल के पीछे जिला जयपुर में करीब 15 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल की सडकें, प्लाटों की बाउन्ड्रीवॉल, सीमेंट के पिलर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

इसी प्रकार जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित सुमेल रोड पर बड गोती फार्म हाउस के समाने जिला जयपुर में करीब 5 बीघा निजी खातेदारीकृषिभूमिपरजेडीएकीबिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल, सीमेंट की सडकें, बाउन्ड्रीवॉल, पिलर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए की ध्वस्तीकरण की कार्यवही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवही सुनिश्चित की जायेगी।उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन- 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द विश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।


## संक्षिप्त समाचार

### निःशुल्क स्कूटी के लिए पात्र विशेष योग्यजन आवेदक 30 नवंबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 22 अक्टूबर।** राजस्थान सरकार की लोककल्याणकारी योजनाएं दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर एवं आसान बनाने में मददगार साबित हो रही हैं। इसी कड़ी में निःशुल्क स्कूटी के लिए पात्र विशेषयोग्यजन आवेदक 30 नवंबर 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने दिव्यांगजन जिनके 40 प्रतिशत से अधिक चलन निःशक्तता हो, जो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अध्ययनरत हो अथवा रोजगार करते हो से निःशुल्क स्कूटी के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अध्ययनरत दिव्यांगजनों एवं रोजगार करने वाले दिव्यांगजनों को जन्म तिथि, मूल निवास, 40 प्रतिशत दिव्यांगजनता प्रमाण पत्र पूर्व के 8 वर्षों में भारत सरकार/राजस्थान सरकार से स्कूटी प्राप्त नहीं करने का शपथ पत्र, स्वयं का विकलांगता प्रदर्शित फोटो, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड इत्यादि मूल दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन में ई-मित्र अथवा एसएसओ पोर्टल से एसजेएमएस डीएसएपीश के माध्यम से करना होगा। उन्होंने बताया कि विशेष योग्यजन पेंशन प्राप्त युवाओं को पेंशन पी.पी.ओ. तथा रोजगार करने वाले दिव्यांगजनों की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख रुपये का शपथ पत्र पेश करना होगा। ऐसे आवेदक स्कूटी ऑनलाइन पोर्टल पर पूर्व में आवेदन कर चुके हैं एवं स्कूटी से वंचित रहे हैं, उन्हें पुनः आवेदन करना होगा।

### जिला जयपुर प्रथम में शक्ति दिवस का आयोजन

- **अनिमिया मुक्त एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य प्रदेश ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता :- डॉ विजय सिंह फौजदार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर प्रथम, 22 अक्टूबर ' जिला जयपुर प्रथम में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) जयपुर प्रथम डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों, उन महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

युवाओं के सपनों को लगे पंख-

## भजन लाल सरकार के निर्देश पर राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड ने भर्ती सम्बंधी 2 साल का कलेण्डर किया जारी

चमकता राजस्थान



**कोटपूतली-बहरोड़,(धर्मेंद्र बंसल)।** 22 अक्टूबर।राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड ने अक्टूबर, 2024 से जून, 2026 तक आयोजित होने वाली 70 भर्ती परीक्षाओं का विस्तृत कलेण्डर जारी कर दिया है जिसमें आवेदन, परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन समेत विभिन्न बिन्दुओं की तिथिवार घोषणा की गई है। कलेण्डर के अनुसार 2024 में अक्टूबर से दिसम्बर तक 11 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। राजस्थान में अगले 2 साल में परीक्षाये कब-कब होंगी और उनके परिणाम कब जारी होंगे, इसका सम्पूर्ण विवरण इस कलेण्डर में निहित हैउल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए भर्ती परीक्षा आयोजित करवाने वाली एजेंसियों (कर्मचारी चयन बोर्ड, आरपीएससी) को भर्ती परीक्षा का शेड्यूल जारी करने और जल्द परीक्षाएं करवाने के निर्देश दिये थे। इसी निर्देश की पालना में कर्मचारी चयन बोर्ड ने सोमवार को अपनी भर्ती परीक्षाओं की तारीखों का संशोधित कलेण्डर जारी किया है। भजन लाल शर्मा का यह ऐतिहासिक कदम सराहनीय और ऐतिहासिक है और राज्य के युवाओं ने इसकी प्रशंसा की है। उनका कहना है कि इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के सपने साकार होंगे। यह कलेण्डर प्रतियोगी अभ्यर्थियों के लिए एक मार्गदर्शन का काम करेगा जिससे वे अपनी परीक्षाओं की नियमित योजना बनाकर तैयार कर सकेंगे। साथ ही अपनी तैयारी को चरणबद्ध तरीके सेक्रियान्वित कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो सकेंगें।मुख्यमंत्री शर्मा के द्वारा की गई घोषणा के क्रम में रोजगार के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राज्य के इतिहास में पहली बार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भर्ती कैलेण्डर जारी करना एक अभूतपूर्व उपलब्धि मानी जा रही है।भर्ती कलेण्डर में 70 प्रतियोगी परीक्षाओं के दिन और उनका परिणाम जारी करने की तिथि तक अंकित की गई है। भजन लाल सरकार ने 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी और 6 लाख लोगों को कौशल विकास के साथ रोजगार देने का वादा किया है। सरकार की कथनी और करनी में कोई अन्तर नहीं है। राज्य में दिसम्बर, 2024 तक लगभग 1 लाख से ज्यादा विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति देने के लिए विज्ञप्तियां जारी कर दी गई हैं।

## जालौर जिले में थाना बागरा पुलिस की कार्रवाई


- **अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में वांछित जिले का टॉप 10 वान्टेड एवं 5000 इनामी सहित दो गिरफ्तार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/जालौर! (खलील कुरैशी) 22 अक्टूबर।** जालौर जिले की बागरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों मदनलाल जाट पुत्र मीठु लाल (49) निवासी रणछोड़पुरा थाना कपासन जिला चितौड़गढ़ एवं मोहनलाल थोरी पुत्र रामलाल (55) निवासी देपुर हिन्गलात थाना सालमगढ़ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।एसपी ज्ञान चंद्र यादव ने बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व सीओ गौतम चंद जैन के सुपरविजन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आरोपी मदनलाल जाट के विरुद्ध 3 अप्रैल 2022 को थाना रामसिन एवं मोहनलाल थोरी के विरुद्ध 19 अक्टूबर 2023 को थाना आहोर में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें घटना के वक्त से ही आरोपी फरार चल रहे थे।एसपी यादव ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसएचओ बागरा जीत सिंह के नेतृत्व में पांच सदस्यीय एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से मादक पदार्थ तस्करी में वांछित इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मदनलाल जाट जिला स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल और 5000 का इनामी है।

## हिंदू जागरण मंच जिला कोटपुतली- बहरोड़ कार्यकारिणी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान



**कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)** दिनांक 22 अक्टूबर को हिंदू जागरण मंच कोटपुतली ईकाई ने आम रास्ते पर अवैध मांस के खोके और सार्वजनिक स्थल पर मुर्गियों के दभड़े हटाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक जिला कोटपुतली-बहरोड़ को सौंपा ज्ञापन।जिला संयोजक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि कोटपुतली में राठौर पार्क और दिल्ली दरवाजा पावर हाउस के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाने वाले आम रास्ते पर अवैध रूप से बिना लाइसेंस के मांस विक्रेताओं के अवैध खोके रखे है, जिनमें रोड पर रखकर पशुओं को काटा जाता है जो कि अवैध है और अतिक्रमण में है।वहां सारे दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है और रोड पर ही मांस का कचरा डाला जाता है, जिससे रोड पर आवारा कुत्तों का झुंड भी मंडराता रहता है, फलस्वरुप आए दिन एक्सीडेंट ओर जाम की स्थिति भी बनी रहती है। आस पास की कालोनियों के निवासियों और पास में स्थित विद्यालयों का आम रास्ता भी यही है। महिलाओं को दैनिक कार्य और बच्चों को स्कूल भी इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। इन अवैध मांस के खोको के कारण वातावरण दूषित रहता है और आने जाने वाले बच्चों को कुत्ते काटने की घटनाएं प्रतिदिन होती है। पूर्व में भी आम नागरिक व्यापार मंडल,अनेक हिन्दू संगठनों द्वारा प्रशाशन को अवगत करवाया गया था, जिस पर इनको हटा दिया गया था, लेकिन अब पिछले दिनों से इन्हें पुनः स्थापित कर दिया गया है। हिन्दू जागरण मंच नगर संयोजक जितेन्द्र जोशी ने पुलिस अधीक्षक से अपील की इन अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए अन्यथा कोटपुतली की जनता , व्यापारिक संगठन व सभी हिन्दू संगठन मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे जिससे यदि कोई कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है तो उसका जिम्मेदार स्वयं प्रशासन होगा। आशा है उक्त विषय में उचित निर्णय लेकर ठोस कदम उठाकर अतिशीघ्र इसका समाधान करे ।ज्ञापन प्रेषित करने वालों मेंप्रदीप अग्रवाल (जिला संयोजक हिन्दू जागरण मंच), विक्रम कसाना (नगर संयोजक),जितेन्द्र जोशी ( नगर संयोजक), प्रहलाद दास दादू,विनोद गुप्ता,जितेन्द्र चौधरी,हेमंत अग्रवाल,शिवकुमार गुप्ता,प्रवीण बंसल,चेतराम रावत (विधि संयोजक) ,अरविंद वर्मा,प्रफुल रमन,अमरजीत सोनी, गौ सेवक सुनील पहलवान, गौ सेवक चीनू ठाकुर अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत दिया प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

- सूरजपोल मंडी से लिए घी के नमूने, 1244 किलो घी सीज



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 22 अक्टूबर।** डॉ जितेंद्र कुमार सोनी (जयपुर जिला कलेक्टर ) के द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान की मॉनिटिरिंग एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ विजय सिंह फौजदार के निर्देशन में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नीरज मार्केटिंग कंपनी सूरजपोल मंडी के यहां से घी के नमूने लिए जाकर शेष घी केशव ब्रांड 1244 किलोग्राम सीज किया। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा शिव शक्ति मिष्ठान भंडार अग्रवाल कैटर्स आरडी पेठेवाला श्री राम स्वीट्स के यहां से मावा मिठाई पेठे के खाद्य नमूने जांच हेतु लिये ।दुकानदारों को दीपावली के दौरान दुकान में साफ सफाई रखने के लिये विशेष ध्यान रखने के दिशा निर्देश दिये गये साथ ही मिठाईयों में स्वयं द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त दूध से निर्मित मावे का ही उपयोग करने के लिये निर्देश प्रदान किये गये । सभी प्रतिष्ठानों को रसोई, बर्तन, फर्श, दीवारें, काउंटर आदि साफ रखने, खाद्य सामग्री को ढककर रखने के लिए पाबंद किया गया ।लिये गये खाद्य नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला जयपुर में जांच हेतु भिजवाया गया है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी ।अभियान के तहत मिलावटखरी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु दीपावली पर्व पर, विशेष तौर पर, रोज इस तरीके की कार्यवाही जारी रहेगी

## रक्षा मंत्री ने लॉन्च की चौथी परमाणु पनडुब्बी



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारत ने विशाखापत्तनम में शिप बिल्डिंग सेंटर (एसबीसी) में अपनी चौथी परमाणु संचालित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएसबीएन) पनडुब्बी को लॉन्च किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिग सेंटर में इसे लॉन्च किया था। इसमें 75प्रतिशत सामान भारत में बने हैं। इसका कोड नेम कोडनेम स्4 है। ये पैतीस सौ किलोमीटर की मारक क्षमता वाली न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल से लैस है।

नौसेना की एस4 पनडुब्बी 3,500 किमी रेंज वाली के-4 परमाणु बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस की है, जिन्हें वर्टिकल लॉन्चिग सिस्टम के माध्यम से दागा जा सकता है। जबकि अपनी श्रेणी का पहला आईएनएस अरिहंत 750 किमी रेंज वाली के-15 परमाणु मिसाइलों को ले जा सकता है। आईएनएस अरिहंत और आईएनएस अरिघाट दोनों पहले से ही गहरे समुद्र में गश्त कर रही हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा योजनाकारों ने भारत की पहली परमाणु पनडुब्बी आईएनएस चक्र को एस1 नाम दिया था, आईएनएस अरिहंत को एस2, आईएनएस अरिघात को एस3, आईएनएस अरिदमन को एस4 नाम दिया गया है। अपनी श्रेणी की आखिरी पनडुब्बी एस4 है जिसका औपचारिक नाम अभी बाकी है।

चीन जैसे शक्तिशाली विरोधियों के खिलाफ पनडुब्बी पर केंद्र सरकार विशेष ध्यान दे रही है। यही कारण है कि सरकार ने भारतीय नौसेना के लिए तीसरे विमानवाहक पोत के मुकाबले परमाणु हमले और बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों को प्राथमिकता दी है। सरकार ने इस साल दिसंबर में चालू होने वाली कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर के साथ पारंपरिक पनडुब्बी की क्षमता को भी बढ़ा दिया है।

## परिवार चाहता था लड़का और पैदा हो गई मैं' फेमिना मिस इंडिया निकिता पोरवाल का खुलासा

**उज्जैन/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के उज्जैन की रहने वाली निकिता पोरवाल ने देश ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने हाल ही में 'फेमिना मिस इंडिया 2024' का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। निकिता अब भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लेंगी। एक पारंपरिक परिवार से आने वाली निकिता ने बताया कि उनके परिवार के लिए लड़का होना प्राथमिकता होती थी। लेकिन जब उनका जन्म हुआ तो परिवार ने उनकी खुशी का जश्न उसी तरह मनाया जैसे किसी बेटे के जन्म पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा, मेरे दादा जी मुझे पीरियड्स के दौरान खुद खाना खिलाते थे। मेरे पिताजी अक्सर मेरे पैर दबाते थे। निकिता ने बताया कि पिछले 60 सालों से मध्य प्रदेश की कोई भी लड़की फेमिना मिस इंडिया नहीं बन पाई थी। उन्होंने कहा, मैं चाहती थी कि मध्य प्रदेश की कोई लड़की इस खिताब को जीते।

### राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट-2024

# 1 हजार 400 करोड़ रुपये के निवेश करारों पर बनी सहमति

### अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ किया संवाद

**चमकता राजस्थान**

जयपुर,!(खलील कुरैशी) 22 अक्टूबर। जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। मीट के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले के उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमन पंवार ने 22-गोदाम एवं सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों एवं निवेशकों से संवाद किया ।बैठक में औद्योगिक क्षेत्र के समस्याओं के निराकरण के लिए औद्योगिक संघ द्वारा ज्ञापन दिया गया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आश्वासन दिया गया की, इन्हें उचित फोरम के माध्यम से निदान कराने के प्रयास किए जायेंगे। बैठक में लघु उद्योग भारती से अंजु सिंह, सुनिता शर्मा, अनिल खुराना तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सभी को राइजिंग राजस्थान इंवेस्टर मीट में होने वाले एमएसएमई कॉन्क्लेव की जानकारी दी। बैठक में जयपुर इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल सारड़ा द्वारा 1400 करोड़ के एमओयू निष्पादित करने की सहमति बनी। रीको से आर.के.रोहिला द्वारा रीको के नए औद्योगिक क्षेत्र कुंजबिहारीपुरा, थोलाई, मातासूला, इत्यादि की जानकारी प्रदान की। महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जयपुर (शहर) शिल्पी आर. पुरोहित द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं एवं ओडीओपी की जानकारी दी। बैठक में सचिव राकेश शर्मा द्वारा धयन्वाद देते हुए एमओयू निष्पादन के लिए कहा की 1400 करोड़ तो शुरुआत है, वे राज्य सरकार को निवेश आकर्षित करने के लिए इससे कई गुना निवेश बाबत प्रयास करेंगे।




## फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

### उत्तम स्वास्थ्य ही सफ़ल जीवन का आधार :- संजीव खेदर




**चमकता राजस्थान**

**शाहपुरा (जयपुर ग्रामीण)।** फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का हुआ विधिवत आयोजन गौरतलब है कि शाहपुरा के पंचायत समिति सभागार के बाहर से आलेड़ी जोहड़ी तक हुआ दौड़ प्रतियोगिता का विधिवत आयोजन, इस मौके पर शाहपुरा उपखण्ड अधिकारी कलक्टर सजीव खेदर, तहसीलदार नीलमराज बंशीवाल, विकास अधिकारी राकेश वर्मा, नगरपरिषद आयुक्त शुभम गुप्ता, प्रधान मंजू शर्मा, सभापति बंशीधर सैनी, भाजपा नेता उपेन यादव ,थाना प्रभारी रामलाल मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया! इस दौरान सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं व एनसीसी केडेट्स के विद्यार्थी व प्रशासनिक अधिकारी व शिक्षक भी हुए शामिल इस बारें में विस्तृत जानकारी प्रभारी राजेन्द्र शर्मा द्वारा दी गई

## राजस्थानी फिल्म, संगीत एवं संस्कृति को प्रमोशन में होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान करेगा सहयोग



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** राजस्थानी संगीत एवं आर्ट को प्रमोट करने एवं आगामी सीजन में पर्यटकों के स्वागत एवं राजस्थानी संस्कृति की झलक कुछ नए रूप में दिखे इस दौरान राजस्थानी सांवरिया गीत के बियानी कॉलेज में लॉन्चिग के अवसर पर होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने कहा कि आगामी दिनों में राजस्थानी फिल्म एवं राजस्थानी संगीत को प्रमोट के लिए होटल फेडरेशन आफ राजस्थान हेरिटेज एवं अन्य होटलों में शूटिंग करने पर रियायत दरों पर स्थान दिलवाने का काम करेगा! क्योंकि हमारी राजस्थानी संस्कृति को देश दुनिया में पहुंचाने के लिए राजस्थानी संगीत एवं फिल्मों का सराहनीय योगदान रहा है इस मौके पर सिविल लाइन विधानसभा के विधायक गोपाल शर्मा ने राजस्थानी फिल्मों के प्रमोट के लिए अपने विधायक बजट से सहयोग का आश्वासन दिया एवं कहा आगामी दिनों में वर्तमान सरकार भी हर संभव सहायता करने का प्रयास करेगी! इसके साथ ही होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा सांवरिया गीत जिसके गायक सूरज सपेरा सूफी एवं मीरा सपेरा है डायरेक्टर युसूफ खान है. इस गाने की बियानी कॉलेज में 1000 दर्शकों की उपस्थिति में लॉन्चिग पर लाखों लोगों ने इसको पसंद एवं कमेंट किया!. राजस्थानी गीत के इस शानदार लॉन्चिग पर सभी दर्शनको ने लगातार तालियौ की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का हौसला बढ़ाया. इन राजस्थानी लोकप्रिय गीतों से आगामी सीजन में राजस्थान में पधारने वाले पर्यटकों का भी स्वागत एवं सत्कार किया जाएगा!राजस्थानी फिल्मों के एक्टर सरवन सागर ने कार्यक्रम का संचालन किया.बियानी कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर संजय बियानी एवं राजीव बियानी ने पधारे सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं आगामी दिनों में अपने सभी कॉलेज ग्रुप में राजस्थानी संगीत ,एवं कला को बढ़ाने के लिए निशुल्क स्थान उपलब्ध करवाने की घोषणा की.जिसका सभी उपस्थित ऑडियंस ने स्वागत किया सांवरिया गीत के प्रोड्यूसर सूरज पवार ने राजस्थानी गीतों एवं संस्कृति को प्रमोशन के लिए काम करने पर होटल फेडरेशन आफ राजस्थान एवं पधारे सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया!

# तीन दिवसीय असम दौरे पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, पहले दिन तिनसुकिया में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा

### तीन दिवसीय असम प्रवास के तहत मंत्री चौधरी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**चमकता राजस्थान**

जयपुर/तिनसुकिया (असम), (खलील कुरैशी)22 अक्टूबर 2024 केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी असम के तीन दिवसीय प्रवास के लिए मंगलवार सुबह गुवाहाटी पहुंचे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं और कृषि मंत्रालय के अधिकारियों ने स्थानीय परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने तिनसुकिया स्थित जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर यहां आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा किसानों की उन्नति के चलाई जा रही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट को देखा और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बैठक में केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा : समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किसानों को त्वरित लाभ पहुँचाने, राष्ट्रीय ऑयल पाम मिशन के कार्यान्वयन, स्थानीय आवश्यकताओं सहित कृषि हितैषी एवं किसानों के कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अलग अलग विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की तथा यहां संचालित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन किया। असम के तिनसुकिया पहुँचने पर राज्य सरकार में मंत्री और तिनसुकिया विधायक संजय किशन के नेतृत्व केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी का स्थानीय परम्परानुसार स्वागत अभिनंदन हुआ। इसके लिए कृषि राज्य मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**अजमेर।** किशनगढ़ में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मार्बल एरिया टुकड़ा रोड चौराया पावर हाउस के पास हुआ। राहगीरों की सूचना के अनुसार गांधीनगर थाना पुलिस क्षेत्र अन्तर्गत तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक सवार को कुचल दिया। सूचना मिलते ही गांधी नगर थान पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर यज्ञ नारायण अस्पतला की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस मृतक युवक की पहचान करने में जुट गई है वहीं डंपर चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई जिसे पुलिस ने मशक्कत के बाद हटाया।

### विवाद में युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के नाईपुरा में दो हजार रुपये के लेनदेन के विवाद में युवक की हत्या करने के मामले में सोमवार की रात आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त तमंचा व मोटरसाइकिल बरामद की है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि सोमवार को लोनी बॉर्डर के नाईपुरा में मुशर्रफ नाम व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच पड़ताल में पता चला कि यह हत्या मात्र दो हजार रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद नाईपुरा के रहने वाले गजेंद्र उर्फ गज्जू ने की थी।

### लालच में गंवाए लाखों रुपये, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** एक युवक ने ज्यादा मुनाफे के लालच में एक कंपनी में निवेश किए अपने साढ़े सात लाख रुपये गवां दिये। कंपनी ने निवेश अवधि पूरी होने के बाद भी रकम वापस की है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मिजार्पुर सादात गांव निवासी राकेश कुमार एक बीमा कंपनी में एजेंट का काम करता था। साल 2013 में लक्सर के सेठपुर निवासी सुनील कुमार उनसे मिला था। जिसने कहा कि उनकी प्राइवेट कंपनी है, उसमें पैसा इन्वेस्ट करने पर बीमा कंपनी के एजेंट से अच्छा मुनाफा कमा सकते हो।

### घने कोहरे के कारण बस पलटी, दस यात्री घायल

**गरियाबंद/रायपुर।** घने कोहरे की वजह से आज सुबह देवभोग से रायपुर जा रही महेश बस सर्विस की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा गरियाबंद जिले के नेशनल हाइवे पथरी नाला के पास मोड़ पर हुई है। हादसे में 10 यात्रियों के घायल होने की खबर है। दो यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त बस में 20 यात्री सवार थे। दुर्घटना में दो यात्रियों का पैर टूट गया है। घायलों को इलाज के लिए मैनपुर लाया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद इंदागांव पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

### फतेहाबाद में फसलों के अवशेष जलाने पर दो किसानों के खिलाफ केस दर्ज

**फतेहाबाद।** फसलों के अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जा रही है। ऐसे में एक मामले में भूना पुलिस ने दो किसानों के खिलाफ पराली जलाने पर केस दर्ज किया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में कृषि विकास अधिकारी भूना कार्यालय से एग्रीकल्चर सुपरवाइजर प्रीति ने कहा है कि उपमंडलाधीश द्वारा धान कआई उपरांत बचे हुए अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है।

### एटीएम बदलकर खाते से हजारों निकाले

**फतेहाबाद।** जिले के शहर भूना में अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से हजारों रुपये निकाल लिए। जब पीड़ित व्यक्ति को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भूना पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर युवकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम एटीएम रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर युवकों को ढूंढ रही है।

### मंत्री गणेश जोशी ने अमित शाह के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल



**देहरादून/मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जन्मदिन मंगलवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान जोशी ने मसूरी के उप जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल और मिष्ठान वितरण किया। इसके उपरांत मंत्री जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पिक्चर पैलेस स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर मिष्ठान वितरण किया और जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान स्थानीय लोगों और पर्यटकों को लड्डू खिलाकर केंद्रीय गृहमंत्री का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु की कामना की।

# योगी ने 1,147 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास

● रैन बसेरे में तीमारदारों को 20 रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन

**लखनऊ। एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 1,147 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर व रैन बसेरा का शिलान्यास किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू, सलोनी हार्ट सेंटर (प्रथम चरण), कॉलेज आफ मेडिकल टेक्नोलॉजी के छात्रावास का उदघाटन किया।

सलोनी हार्ट सेंटर में मिलेगी 200 बेड की विश्व स्तरीय सुविधाएं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एसजीपीजीआई देश और प्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान है। ऐसे में, प्रदेश के पूर्वी, पश्चिमी, मध्य, बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति की प्राथमिकता होती है कि उसे यहां बेड प्राप्त हो जाए, लेकिन इसे लेकर काफी समस्या अक्सर सामने आती है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है।

इसी के तहत एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर में 575 बेड्स के निर्माण की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा है। यहां 22 विभागों की सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

इसमें हार्मोंस, डायबिटीज, पीडियाट्रिक आईसीयू, इमरजेंसी पीडियाट्रिक जेनेटिक, पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी समेत अन्य बीमारियों का इलाज एक छत के नीचे होगा। सीएम योगी ने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर के पहले चरण की शुरूआत हो गयी है। वहीं, सेंटर के दूसरे चरण का एमओयू साइन हो गया है। इसके जरिये सलोनी हार्ट सेंटर 200 बेड की विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ हर साल 5 हजार बच्चों की हार्ट से जुड़ी हुई गंभीर सर्जरी कर उन्हें सुखमय जीवन देगा। साथ ही, हर साल दस हजार बच्चों को सेकेंड ओपिनियन आदि उपलब्ध कराएगा। इसके लिए, सलोनी हार्ट फाउंडेशन के प्रयासों के हम सभी आभारी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओएनजीसी के 51 करोड़ के सीएसआर फंड से एक हजार बेड के रैन बसेरा के निर्माण की कार्रवाई शुरू हो गयी है। इससे यहां आने वाले तीमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी। यहां पार्किंग और कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी जहां तीमारदारों को 15 से 20 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। वहीं, 200 छात्रों के लिए कॉलेज आफ मेडिकल टेक्नोलॉजी छात्रावास का निर्माण पूरा हो चुका है।

## शान्ता ने संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण गिराने के लिए मुस्लिम समुदाय की सराहना की

**शिमला। एजेंसी**



पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण को गिराने के लिए वहां के मुस्लिम समुदाय की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह कदम हिमाचल प्रदेश के लिए स्वाभिमान का प्रतीक है और पूरे भारत में एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शान्ता कुमार ने मंगलवार को एक बयान में स्थानीय मुस्लिम भाइयों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस कार्यवाही ने पूरे देश को एक बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने भारत में हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच के आपसी टकराव को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पूजा के तरीके भिन्न होने के बावजूद सभी को समान अधिकार है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी धर्म अपनी-अपनी राहों से एक ही भगवान तक पहुंचते हैं। शान्ता कुमार ने संजौली विवाद को शांति से सुलझाने के लिए क्षेत्र के सभी लोगों और सरकार की प्रशंसा की और इस घटनाक्रम को सभी भारतीयों के लिए एक सीख बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत माता के सभी बच्चे एक हैं, और हमें अपने मतभेदों को भुलाकर एकजुट रहना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संजौली मस्जिद कमेटी ने सोमवार से मस्जिद के अवैध हिस्से को स्वयं गिराना शुरू कर दिया है। यह कदम मस्जिद के विवादास्पद निर्माण को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई के संदर्भ में उठाया गया है। संजौली मस्जिद के आसपास के क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से निर्माण को लेकर विवाद बढ़ रहा था।

## समाधान शिविर में सभी समस्याओं का होगा निवारण : सरोज राठी

**झज्जर। एजेंसी**



नगर परिषद बहादुरगढ़ के कार्यालय में सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना सुबह 9 से 11 बजे तक नगर परिषद के सभी अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। आमजन नगर परिषद से सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर नगर परिषद कार्यालय में आ सकते हैं। उनकी समस्याओं का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया जाएगा। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने नगर परिषद कार्यालय में तमाम अधिकारियों के साथ शुरू किए गए समाधान शिविर में आम जनता की समस्याएं सुनते हुए कही। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार रोजाना सुबह 9 से 11 बजे तक नगर परिषद कार्यालय में तमाम अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे इसलिए बहादुरगढ़ शहर की जनता किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर इस समाधान शिविर में आ सकती है। सरोज रमेश राठी ने बताया कि नगर परिषद द्वारा सीवर, स्ट्रीट लाइट, प्रॉपर्टी आईडी, एनओसी सहित नगर परिषद से संबंधित समस्या है तो आमजन सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9 से 11 बजे तक नप कार्यालय में आकर अपनी समस्या बता सकते हैं ताकि आमजन को नगर परिषद कार्यालय के बार-बार चक्कर न काटने पड़े। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की सराहना करते हुए कहा कि बहादुरगढ़ सहित पूरे हरियाणा प्रदेश में इस तरह के समाधान शिविर शुरू किए गए हैं।

## बम विस्फोट के संदिग्ध रिपुदमन सिंह की हत्या के दो आरोपितों ने दोष स्वीकार किया

**ओटावा। एजेंसी**



कनिष्क विमान आतंकवादी बम विस्फोट केस में बरी हो चुके संदिग्ध 75 वर्षीय रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के आरोपितों टैनर फॉक्स और जोस लोपेज ने ब्रिटिश कोलंबिया में न्यू वेस्टमिंस्टर स्थित सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हत्या का दोष स्वीकार कर लिया। दोनों ने रिपुदमन सिंह मलिक हत्याकांड की सुनवाई की पूर्व संध्या पर सोमवार को अपना गुनाह कुबूल किया। कनाडा के ग्लोबल न्यूज चैनल ने अपने प्रसारण में इस घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा की है।

ग्लोबल न्यूज चैनल के अनुसार, आरोपित टैनर फॉक्स और जोस लोपेज की सजा पर अदालत में सुनवाई 31 अक्टूबर को शुरू होगी। गुनाह कुबूल करने के बाद फॉक्स और लोपेज आपस में उलझ गए। लोपेज ने फॉक्स के सिर पर मुक्के मारे। बड़ी मुश्किल से दोनों को अलग कराया जा सका। फॉक्स और लोपेज दोनों का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है। दोनों ने सुपारी लेकर मलिक की जान ली थी। लाल रंग की टेस्ला की ड्राइवर सीट पर बैठे मलिक को गोलियों से भून दिया गया था। पुलिस ने इन आरोपितों से लगभग 16,000 डॉलर नकद बरामद किए थे।

मलिक की 14 जुलाई, 2022 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उल्लेखनीय है कि मलिक और सह आरोपित अजायब सिंह बागरी को 1985 में हुए दो बम विस्फोटों से संबंधित सामूहिक हत्या और साजिश के आरोपों से 2005 में बरी कर दिया गया था। इन विस्फोटों में 331 लोग मारे गए थे। बम निमार्ता इंद्रजीत सिंह रेयात को बाद में हमले में दोषी ठहराया गया। मुकदमे के दौरान ही कथित मास्टरमाइंड तलविंदर सिंह परमार की मृत्यु हो गई थी।

### पाक में अदियाला जेल के कैदियों से मुलाकात पर रोक बढ़ाई गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अदियाला जेल के कैदियों से मुलाकात पर रोक बढ़ा दी गई है। यह जेल पंजाब प्रांत में स्थित है। पंजाब सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए एक बार फिर अदियाला जेल में कैदियों से मुलाकात पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है। डॉन अखबार की खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यह प्रतिबंध राजनीतिक कैदियों समेत सभी कैदियों पर लागू होगा और अगले आदेश तक बरकरार रहेगा। इससे पहले पंजाब सरकार ने चार से 18 अक्टूबर तक अदियाला जेल के कैदियों के आगंतुकों से मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद प्रतिबंध को दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। मुलाकात पर प्रतिबंध पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक अध्यक्ष इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी सहित सभी हाई-प्रोफाइल राजनीतिक कैदियों पर लागू होगा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का इनामी आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में फरार हो जाने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के फरार रहने के कारण उस पर पांच हजार का इनाम घोषित कर रखा था। जानकारी के अनुसार जनपद के थाना बुग्गावाला क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा था कि गुलशेर पुत्र भूरा निवासी शहजादपुर उर्फ ढालवाला मुजफराबाद थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सबंध बनाए लेकिन बाद में शादी करने से इंकार कर दिया और फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता का तत्काल मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपित को दबोचने के लिए अलग-अलग जगह दबिश दी लेकिन अभी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## राइजिंग इन्वेस्टर मीटः 1435 करोड़ के निवेश से जिले को मिलेगी नई ऊंचाई

**भीलवाड़ा। एजेंसी**



शाहपुरा में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट इन्वेस्टर मीट ने जिले के विकास को नई दिशा दी है। इस अवसर पर 75 एमओयू के माध्यम से कुल 1435 करोड़ रुपये के निवेश होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और शाहपुरा की प्रभारी मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने निवेशकों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उनके उद्योगों की स्थापना में हर संभव सहायता प्रदान करेगी। प्रभारी मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने इस इन्वेस्टर मीट को शाहपुरा के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल के सपनों का राजस्थान बनाने की ओर यह कदम है। उन्होंने कहा कि इस निवेश से न केवल शाहपुरा में औद्योगिक विकास होगा, बल्कि जिले में बेरोजगारी को भी समाप्त करने में मदद मिलेगी। यह शाहपुरा में आजादी के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है।

इस इन्वेस्टर मीट में चारभुजा इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कोटड़ी में 1100 करोड़ रुपये की लागत से स्टील प्लांट लगाने के लिए एमओयू किया है। यह परियोजना शाहपुरा जिले के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## नेपाल पुलिस ने मुंबई के दो युवकों को 20 लाख की नकदी के साथ हिरासत में लिया

**काठमांडू। एजेंसी**



मुंबई से उत्तर प्रदेश होते हुए नेपाल में प्रवेश करने वाले दो युवकों को पुलिस ने 20 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों के आपराधिक पृष्ठभूमि जानने के लिए नेपाल पुलिस ने मुंबई पुलिस से संपर्क किया है।

उत्तर प्रदेश और नेपाल के बॉर्डर से जुड़े कृष्णानगर से कपिलवस्तु के रास्ते नेपाल में प्रवेश करने वाले इन दोनों युवकों को भारी मात्रा में नकद के साथ आने की सूचना प्राप्त होने के बाद चेकिंग के दौरान दोनों पकड़े गए।

कपिलवस्तु जिला पुलिस के डीएसपी मोहन मणि अधिकारी ने बताया कि ये दोनों युवक अलग-अलग गाड़ियों से नेपाल में प्रवेश कर काठमांडू जाने की तैयारी में थे। डीएसपी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के नंबर प्लेट की गाड़ी लेकर आए इन दोनों युवकों की पहचान 33 वर्षीय सलमान कुरैशी और उमेश सखाराम खंडागले के रूप में की गई है।

डीएसपी अधिकारी के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक किराये की एक गाड़ी (यूपी 45 ए.एस. 6663) से 8 लाख और दूसरी गाड़ी (यूपी 42 डी.टी.5721 ) से 12 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। दोनों युवकों के बारे में विस्तृत विवरण जानने के लिए नेपाल पुलिस ने मुंबई पुलिस से संपर्क किया है। पुलिस को आशंका है कि ये दोनों युवक किसी अपराधी गैंग से जुड़े हो सकते हैं या किसी आपराधिक घटना को अंजाम देकर ये नेपाल में छिपने आए हो सकते हैं।

# स्टेशन योजना : झांसी मंडल के 16 स्टेशन होंगे पुनर्विकसित

**झांसी। एजेंसी**



● स्टेशनों पर सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार संभावित बदलाव भी किए जा रहे हैं

प्रधानमंत्री द्वारा अगस्त 2023 में शुरू की गई ह्यअमृत भारत स्टेशनह्न योजना फरवरी 2024 में आगे बढ़ाई गई। इस योजना के तहत उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के 16 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं बनाने, निर्बाध यात्रा के लिए अन्य परिवहन प्रणालियों के साथ मल्टीमॉडल एकीकरण और दुकानों, मॉल, कार्यालय स्थानों और फूड कोर्ट आदि जैसी आर्थिक गतिविधियों के अवसरों के लिए प्रमुख स्थान होगा। झांसी मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में उच्चीकरण हेतु चयनित 16 स्टेशन बांदा, मुरैना, चित्रकूटधाम कर्वी, महोबा, डबरा, दतिया, ललितपुर, उरई, पुखरायां, घाटमपुर, भिंड, हरपालपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, ओरछा तथा शेयोपुरकलां शामिल किए गए हैं। इन स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु कार्य जारी है। योजना के तहत सभी चयनित स्टेशनों के फसाड में सुधार किया जा रहा है। इसके साथ ही स्टेशन पर प्रवेश द्वार का चौड़ीकरण, उच्च स्तरीय प्रकाश व्यवस्था, स्टेशन वेटिंग हॉल का विस्तार, स्टेशन पर उपलब्ध अनुपयोगी स्थान को जोड़ते हुए एग्जीक्यूटिव लाउंज का विस्तार, सकुर्लेटिंग एरिया के प्रत्येक तरफ साइनेज लगाने, अप्रोच सड़क का चौड़ीकरण, पैदल चलने वालों के लिए रास्ता, वाहन का प्रवेश,निकास, प्रकाश व्यवस्था के साथ पार्किंग क्षेत्र विस्तार के साथ ही स्टेशनों की लैंड स्केपिंग, भूनिर्माण, हरे पैच और स्थानीय कला का कार्य भी किया जा रहा है।

अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशनों पर वर्तमान सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार संभावित बदलाव भी किए जा रहे हैं। इनमें स्टेशन की दूसरी एंट्री के लिए सिटी प्लानर के अनुसार दूसरी एंट्री और सकुर्लेटिंग एरिया का विकास, पार्सल वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म, रिटायरिंग रूम, कार्यालयों में फर्नीचर, बोर्ड के दिशा-निदेर्शों के अनुसार दिव्यांगजन सुविधाएं, एलईडी आधारित स्टेशन नाम बोर्ड तथा फसाड लाइटिंग, महिलाओं, दिव्यांगजनों के लिए पर्याप्त शौचालय, नई सुविधाओं के निर्माण के लिए भविष्य में नए भवन की आवश्यकता, भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर रूफ प्लाजा, दूरसंचार विभाग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार वाई-फाई का प्रावधान करने की भी योजना है।

उल्लेखनीय है कि झांसी मंडल, उत्तर मध्य रेलवे का एक महत्वपूर्ण मण्डल है जो देश के उत्तरी भाग को दक्षिणी भाग एवं पूर्वी भाग को पश्चिमी भाग से जोड़कर रेलों के आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। झाँसी मंडल, भारतीय रेल के महत्वपूर्ण अंग के रूप में अपने सभी सम्मानित रेल उपयोगकताओं की सेवा में निरंतर श्रम कर रहा है। झाँसी मंडल से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। इस कारण यहां पर यात्री सुविधाओं का निरंतर विकास किया जाना रेल प्रशासन की प्राथमिकता है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि झांसी मंडल में अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशनों के पुनर्विकास से यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हो रही। इसके साथ ही व्यापार को भी बढ़ावा मिल रहा है।

## गड्ढा मुक्त अभियान में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करें: धामी

**देहरादून। एजेंसी**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को सुबह अपने शासकीय आवास पर सड़क गड्ढा मुक्त अभियान की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों से अब तक हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में सड़कों की मरम्मत कार्य को पूरा करने और लापरवाही बरतने वाले लोगों पर सख़्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जहां-जहां सड़कों की मरम्मत का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा है। उन्होंने जनता को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी दीपोत्सव के दृष्टिगत राज्यवासी अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों का उपयोग करें जिसके लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। इससे न केवल स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को समर्थन मिलेगा, बल्कि वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को भी बल मिलेगा।

## सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकते हैं रूट : एलिस्टेयर कुक

**दुबई। एजेंसी**



इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि जो रूट महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज रूट के टेस्ट क्रिकेट में मौजूदा रन 12,716 हो गए हैं। रूट फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उनसे आगे राहुल द्रविड़ (13,288 रन), जैक कैलिस (13,289 रन) और रिकी पोंटिंग (13,378 रन) हैं। सचिन तेंदुलकर 15,921 रनों के साथ पहले स्थान पर हैं। रूट पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज को पीछे छोड़कर टेस्ट इतिहास में सबसे सफल बल्लेबाज बनने से अभी 3,206 रन दूर हैं। फिर भी कुक को उम्मीद है कि रूट अपने करियर के बचे हुए समय में सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकते हैं।

आईसीसी द्वारा आयोजित एक राउंड-टेबल इंटरव्यू के दौरान कुक ने कहा कि मुझे लगता है कि जो रूट निश्चित रूप से इंग्लिश टीम के लिए एक ऐसा मुकाम हासिल कर सकते हैं, जिसे तोड़ पाना बहुत मुश्किल होगा, लेकिन आप कभी नहीं जानते।

# पुणेरी पलटन ने पटना पायरेट्स को 40-25 से हराया

- पटना को सीजन के पहले ही मैच में हार का मुंह देखना पड़ा
- असलम ने तीन और अमन ने डिफेंस में दो अंक जुटाए

**हैदराबाद। एजेंसी**



कप्तान असलम इनामदार की अगुवाई में डिफेंडिंग चैंपियन पुणेरी पलटन ने तीन बार की चैंपियन पटना पायरेट्स को हराकर प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली। पुणेरी ने सोमवार रात गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए सीजन के 8वें मैच में पटना को 40-25 से हरा दिया। पटना को सीजन के पहले ही मैच में हार का मुंह देखना पड़ा। पुणेरी ने डिफेंस में 20 और रेड में 15 अंक बटोरे। पलटन के लिए असलम (9 अंक) के अलावा मोहित गोयत (8 अंक), डिफेंडर अमन (6 अंक) और गौरव खत्री (6) ने भी दमदार प्रदर्शन किया। पटना के लिए देवांक (6 अंक) के अलावा अंकित (6 अंक) और अयान (5 अंक) ही अंक जुटा पाए। डिफेंडिंग चैंपियन पुणेरी पलटन ने मुकाबले में शानदार शुरूआत की और पहले तीन मिनट के अंदर की 4-0 की लीड बना ली। लेकिन तीन बार की चैंपियन पटना ने भी सुपर टैकल से अंक लेकर बेहतरीन आगाज किया। पायरेट्स ने डू ऑर डाई में मोहित गोयत को टैकल करके स्कोर को 4-4 की बराबरी पर ला दिया। पुणेरी की टीम ने इसके बाद कप्तान असलम इनामदार के सुपर रेड के दम पर पहले 10 मिनट के खेल में खुद को 7-5 से आगे कर लिया। पहले हाफ के शुरूआती 10 मिनटों के अंदर असलम ने तीन और अमन ने डिफेंस में दो अंक जुटाए।

उधर पुणेरी का डिफेंस लगातार दहाड़ रहा था और इसकी बदौलत टीम 17वें मिनट तक 18-8 से आगे हो गई। पलटन के डू ऑर डाई स्पेशलिस्ट मोहित गोयत ने भी मैच में अपना तीसरा अंक लेकर

### पुणेरी पलटन ने अपने स्कोर को 16-8 का कर दिया

**मौजूदा चैंपियन ने इसके बाद 13वें मिनट में जाकर पटना को मैच में पहली बार ऑलआउट कर दिया और स्कोर को 13-6 तक पहुंचा दिया। पटना की टीम सिर्फ डिफेंस में अंक ले पा रही थी और रेडिंग में शुभम शिंदे की टीम पीछे चल रही थी। पुणेरी पलटन ने यहां से लगातार अंक लेते हुए 15वें मिनट तक अपने स्कोर को 16-8 का कर दिया। असलम की टीम डिफेंस और रेडिंग के अलावा लगातार बोनस के जरिए भी अंक जुटा रही थी।**

टीम की लीड को और मजबूत कर दिया। अगले ही मिनट में अमन ने अपने पीकेएल करियर का पांचवां हाई-फाइव भी पूरा कर लिया। हाफ टाइम से पहले ही पटना एक बार फिर से ऑलआउट की कगार पर पहुंच गई। लेकिन पायरेट्स ने मोहित को सुपर टैकल करके खुद को ऑलआउट होने से बचा लिया। इसके बावजूद पुणेरी पलटन ने 20-10 से पहले हाफ को अपने पक्ष में रखा। पहले हाफ के अंदर ही जहां अमन ने अपना हाई फाइव पूरा किया तो वहीं कप्तान असलम ने सात अंक लिए।

सेकेंड हाफ के शुरू होने के बाद पटना एक बार फिर से ऑलआउट की कगार पर थी, लेकिन अयान ने असलम को बाहर कर दिया। पायरेट्स ने फिर सुपर टैकल करके अपनी वापसी का ऐलान कर दिया। पारयेट्स की वापसी की कोशिश के बावजूद पुणेरी की टीम 25वें मिनट तक 10 अंकों से आगे थी।

## संक्षिप्त खबरें

### पीकेएल 11 की चुनौती के लिए तैयार यूपी योद्धाज के सहायक कोच, कहा-यह तो बस शुरूआत है



**हैदराबाद।** हैदराबाद के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए, यूपी योद्धाज ने दबंग दिल्ली के.सी. पर 28-23 से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत में भवानी राजपूत (7 अंक) ने अहम योगदान दिया जबकि कप्तान सुरेंदर गिल और साहुल कुमार ने अंतिम मिनटों में महत्वपूर्ण ऑल आउट किया। मैच के बाद, कप्तान सुरेंदर गिल ने जीत का श्रेय अपनी बेहतरीन रक्षात्मक रणनीति को दिया। एक बेहतरीन रेडर के रूप में पहचाने जाने वाले गिल ने कहा हमारी शुरूआती रणनीति हमारे डिफेंडरों पर केंद्रित थी। हम जानते थे कि दोनों कॉर्नर डिफेंडर जितने लंबे समय तक कोर्ट पर रहेंगे, हमारे रेडर्स को उतना ही फायदा होगा। फिर जब भवानी भाई ने अच्छा प्रदर्शन करना शुरू किया, तो हमने उसी दृष्टिकोण पर टिके रहने का फैसला किया। जब वे सुपर टैकल के अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे थे, तो हमने अपने रेडर्स को भेजने के बारे में चयनात्मकता बरती। योजना यह थी कि हम दो अंक हासिल करेंगे, एक-दूसरे का समर्थन करेंगे, और हमारे रेडर्स शेष अंक लाएंगे। यह हमारे पक्ष में काम आया।

### 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से हटाए गए हॉकी, निशानेबाजी, क्रिकेट, बैडमिंटन और कुश्ती

**नई दिल्ली।** ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे प्रमुख खेलों को हटा दिया है। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने मंगलवार को आयोजन को बजट के अनुकूल बनाए रखने के लिए 10 विषयों की एक संक्षिप्त सूची का अनावरण किया। लागत को सीमित करने और लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने के लिए टेबल टेनिस, स्क्वैश और ट्रायथलॉन को भी हटा दिया गया है। ग्लासगो में केवल चार स्थान ही पूरे राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेंगे। 2022 बर्मिंघम संस्करण की तुलना में इस बार कुल 9 खेल कम होंगे। 2014 संस्करण के बाद 12 साल बाद ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। मेगा-इवेंट के 23वां संस्करण का आयोजन 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होगा। सीजीएफ ने एक बयान में कहा खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, और 3७3 बास्केटबॉल और 3७3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल,शामिल होंगे।

## नामीबिया अंडर-18 फिस्टबॉल विश्व चैम्पियनशिप के लिए तैयार

**विंडहोक। एजेंसी**



नामीबिया की अंडर-18 राष्ट्रीय फिस्टबॉल टीम शुक्रवार को अंडर-18 विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए चिली के लंगक्विह्यू के लिए रवाना होगी। यह आयोजन 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक लंगक्विह्यू में आयोजित किया जाएगा। फिस्टबॉल एसोसिएशन ऑफ नामीबिया के मीडिया अधिकारी हेल्मो मिंज ने सोमवार को सिन्हुआ को बताया कि टीम ने टूर्नामेंट की तैयारी के लिए कठोर प्रशिक्षण लिया है, जिसमें मार्च में तीन ऑस्ट्रियाई कोचों के सहयोग से एक सप्ताह का प्रशिक्षण शिविर भी शामिल है।

नौ खिलाड़ियों की अंतिम टीम का चयन मुख्य कोच और नामीबिया के अनुभवी माइकल बास और उनके सहायक, स्विस राष्ट्रीय स्टीफन ग्रोगली ने किया। इसके अलावा, कोचिंग टीम को ऑस्ट्रिया के फैबियन ग्रीफेनेडर का समर्थन प्राप्त होगा। मिंज के अनुसार, टीम 31 अक्टूबर को शुरू होने से दो दिन पहले स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रिया के खिलाफ दो दोस्ताना मैच खेलेगी। मिंज ने कहा प्रतियोगिता के पहले दिन, नामीबिया डेनमार्क, स्विटजरलैंड, यूरोपीय और विश्व चैंपियन जर्मनी और दक्षिण अमेरिकी पावरहाउस ब्राजील के खिलाफ मुकाबला करेगा। 1 नवंबर को नामीबिया अर्जेंटीना और भारत से भिड़ने से पहले ऑस्ट्रिया से खेलेगा। उसके अगले दिन मेजबान चिली का सामना होगा। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक दौर में अपने प्रदर्शन के आधार पर, नामीबिया संबंधित प्लेसमेंट मैचों में आगे बढ़ेगा।

टीम का लक्ष्य कम से कम 6वां स्थान हासिल करना है। 2014 के बाद से यह पहली बार होगा जब नामीबिया की अंडर-18 राष्ट्रीय टीम विश्व चैंपियनशिप में भाग लेगी।

## पूर्व विश्व नंबर 1 ओसाका चोट के कारण हांगकांग ओपन से हटीं

**हांगकांग । एजेंसी**




- हांगकांग, चीन टेनिस संघ ने एक बयान में कहा हालांकि, नाओमी ने पुष्टि की है कि वह अभी भी टूर्नामेंट में भाग लेंगी

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने चोट के कारण हांगकांग ओपन टेनिस चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है। हालांकि वह खेलेंगी नहीं, लेकिन टूर्नामेंट की अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेंगी। आयोजकों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हांगकांग, चीन टेनिस संघ ने एक बयान में कहा हालांकि, नाओमी ने पुष्टि की है कि वह अभी भी टूर्नामेंट में भाग लेंगी और इस आयोजन के दौरान कई गतिविधियों में भाग लेंगी, जिसमें अपने हांगकांग टेनिस प्रशंसकों से मिलना भी शामिल है। नाओमी के हवाले से कहा गया, मुझे वास्तव में खेद है कि मुझे प्रूडेंशियल हांगकांग टेनिस ओपन और इस टेनिस सत्र के बाकी हिस्सों में प्रतिस्पर्धा करने से हटना पड़ा है। मुझे टूर्नामेंट में जाना बहुत पसंद है और खेल न पाने की स्पष्ट निराशा के बावजूद, मैं अपने सभी अद्भुत हांगकांग प्रशंसकों को आश्वस्त करना चाहती हूं कि मैं अभी भी इस आयोजन में भाग लूंगी। मैं आप सभी से मिलने के लिए बहुत उत्सुक हूं। ओसाका, जिन्होंने 2019 और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2018 और 2020 में यूएस ओपन जीता, ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली जापानी खिलाड़ी हैं और एकल की शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली एशिया की पहली खिलाड़ी हैं।

उन्होंने जनवरी 2019 में नंबर 1 स्थान हासिल किया, जिसे उन्होंने 21 सप्ताह तक अपने पास रखा। 27 अक्टूबर से 3 नवंबर तक होने वाले डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट में रूस की डायना श्नाइडर और अनास्तासिया पोटापोवा, कनाडा की गत चैंपियन लेयला फर्नांडीज, दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और रोमानिया की पूर्व विश्व नंबर 1 सिमोना हालेप और ब्रिटेन की सर्वोच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी केटी बौल्टर जैसे सितारे शामिल होंगे। चीन की पेरिस ओलंपिक मिश्रित युगल रजत पदक विजेता वांग झिन्यू और उभरते सितारे युआन यू और वांग झियू भी मैदान में उतरेंगे।

## मोना मेश्राम ने की शानदार बल्लेबाजी, रेलवे ने केरल को हराया

**लखनऊ। एजेंसी**



सीनियर वोमेन टी-20 ट्राफी में मंगलवार को रेलवे और केरल के बीच लीग मैच खेला गया, जिसमें रेलवे ने 35 रन से जीतकर बढ़त बना ली। इस मैच में मोना मेश्राम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 53 रन बनायी। रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट गवांकर निर्धारित 20 ओवर में 146 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज नुजत परवीन ने 28 रन का योगदान दिया।

वहीं इंद्रानी राव शून्य पर ही पवेलियन लौट गयीं, जबकि प्रतिका रावल सात रन बनायी। सिमरन ने 30 गेंद पर 36 रन का योगदान दिया और अंत तक क्रीज पर जमी रहीं। वहीं सर्वाधिक मोना मेश्राम ने 81 बाल पर 53 रन बनायी। वहीं केरला की टीम 111 रन ही बना सकी और रेलवे ने 35 रन से मैच को जीत लिया। केरला की टीम में सर्वाधिक 40 रन सजना ने बनाये। वहीं सलामी बल्लेबाज शानी 24 रन पर आउट हो गयीं, जबकि अनन्या ने 19 रन का योगदान दिया।

## फिटनेस के मुद्दे पर मुंबई की टीम से बाहर हुए पृथ्वी शॉ

**मुंबई। एजेंसी**



युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को आगामी रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अखिल हेरवाडकर को शामिल किया गया है, जिन्होंने 41 रणजी मैच खेले हैं। सोमवार को घोषित टीम में एक और उल्लेखनीय बदलाव तनुश कोटियन का बाहर होना है, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया जाने वाली भारत ए टीम में चुना गया है। उनकी जगह 28 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर करश कोठारी को लाया गया है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) द्वारा टीम के चयन के बारे में जारी मीडिया विज्ञप्ति में शॉ की अनुपस्थिति का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन इसे 24 वर्षीय सलामी बल्लेबाज के लिए एक सूक्ष्म चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है, जिसका अनुशासन संबंधी मुद्दों का इतिहास रहा है। माना जाता है कि संजय पाटिल (अध्यक्ष), रवि ठाकर, जीतेंद्र ठाकरे, किरण पोवार और विक्रांत येलिगेटी वाली मुंबई चयन समिति ने महसूस किया है कि शॉ को कम से कम एक मैच के लिए बाहर रखा जाना चाहिए। यह अनुमान लगाना अभी जल्दबाजी होगी कि उन्हें अगले मैच के लिए वापस बुलाया जाएगा या नहीं, लेकिन चयनकताओं और टीम प्रबंधन दोनों का मानना है कि यह बहिष्कार सलामी बल्लेबाज के लिए एक सबक हो सकता है, जो जाहिर तौर पर नेट्स और अभ्यास सत्रों में अनियमित रहे हैं। क्रिकबज के अनुसार, मुंबई टीम के चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन का मानना है कि शॉ का वजन पहले से ही अधिक है। यह भी देखा गया है कि वह नेट अभ्यास सत्रों को गंभीरता से नहीं लेते हैं और उनमें अनियमित रूप से शामिल होते हैं।

जबकि टीम में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी, जैसे श्रेयस अय्यर, शार्दुल ठाकुर और यहां तक कि कप्तान अजिंक्य रहाणे भी अपने अभ्यास में लगातार शामिल हो रहे हैं, शॉ लगातार अभ्यास सत्र छोड़ रहे हैं - कभी-कभी सस्ते में आउट होने के बाद भी वह हर दो सत्र छोड़ देते हैं। शॉ ने पांच टेस्ट, छह वनडे और एक ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है। 2018 में राजकोट में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में शतक बनाने के बाद उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया था।

## व्यापार



## जोरदार बिकवाली से ढेर हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट

### निवेशकों को 1 दिन में लगी 8.86 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली। एजेंसी**



वैश्विक दबाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से हुई जोरदार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। पहले आधे घंटे के कारोबार में ही शेयर बाजार ने खरीदारी के सपोर्ट से मजबूती की छलांग लगाने में सफलता भी हासिल की, लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। जोरदार बिकवाली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,350 अंक से अधिक और निफ्टी 435 अंक से अधिक लुढ़क गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.15 प्रतिशत और निफ्टी 1.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार में सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके अलावा टेक, हेल्थ केयर, एफएमसीजी, आईटी और बैंक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का जबरदस्त दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 3.81 प्रतिशत टूट कर कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 9 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आ गई।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सप्ताह तक जारी रैली पर ब्रेक लगता हुआ नजर आने लगा है। पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांक दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का जबरदस्त दबाव बना रहा। एशियाई बाजार में दबाव के बीच मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान चौतरफा बिकवाली का दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स 350 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,853.98 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, नैस्डेक 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,540 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,870.77 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र में बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,318.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## विकास के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है भारत: सीतारमण

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। एजेंसी**



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक आर्थिक माहौल में चुनौतियां हो सकती हैं, लेकिन भारत विकास के नए अवसरों का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं, भारत को उम्मीद है कि वह वस्तुओं और सेवाओं के अपने स्त्रोतों में विविधता लाने की चाह रखने वाले कई देशों के लिए एक प्रमुख भागीदार बन जाएगा।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कोलंबिया विश्वविद्यालय में चुनौतीपूर्ण तथा अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत की आर्थिक मजबूती व संभावनाएं विषय पर विशेष व्याख्यान में यह बात कही। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की बैंकिंग प्रणाली मजबूत बनी हुई है, जिसमें गैर-निष्पादित आस्तियों का स्तर कम है और पूंजी पर्याप्तता अनुपात उच्च है। उन्होंने कहा कि वित्तीय क्षेत्र प्रमुख उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए जरूरी ऋण प्रदान करके विकास को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बीच भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी आई है, जिसमें भारतमाला और सागरमाला जैसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं ने पूरे देश में कनेक्टिविटी सुनिश्चित की है। सीतारमण ने कहा कि डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश ने झटके झेलने की हमारी अर्थव्यवस्था की क्षमता को और मजबूत किया है, डिजिटल वित्तीय समावेशन ने उन लाखों नागरिकों तक पहुंच प्रदान की है जो पहले वंचित थे।

वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा, तब हमारे पास समृद्धि के एक नए युग को परिभाषित करने का मौका होगा, न केवल अपने नागरिकों बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत की भूमिका बढ़ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर : सामूहिक दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, तीन महीनों से चल रहा था फरार

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे नाबालिग को ब्लैकमेल कर किया था गैंगरेप

**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर! (खलील कुरैशी) 22 अक्टूबर।** बाड़मेर जिले की महिला सेल एवं रामजी का गोल चौकी की टीम ने नाबालिग को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे ब्लैकमेल कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी कैलाश कुमार बिश्नोई पुत्र धूड़ा राम निवासी कोटतिलानी भेरुडी थाना सेड़वा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी तीन महीनों से फरार चल रहा था।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि नाबालिग लड़की को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डरा धमका कर



सामूहिक दुष्कर्म करने का एक मामला थाना महिला पर 1 अगस्त 2024 को आरोपी कैलाश बिश्नोई एवं अन्य के विरुद्ध दर्ज हुआ था। तीन महीनों से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर इसे गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला सेल नितेश आर्य के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई।एसपी मीना ने बताया कि रामजी का गोल चौकी प्रभारी एएसआई प्रहलादराम मय टीम द्वारा महिला सेल के हैड कांस्टेबल हरदान एवं डीएसटी के कांस्टेबल गोपाल जाणी के सहयोग से आरोपी कैलाश कुमार विश्नोई को आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से रामजी का गोल क्षेत्र से दस्तयाब कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### धन्वन्तरि जयन्ती पर्व पर आरोग्य सप्ताह का हुआ शुभारंभ

- आयुर्वेद विभाग द्वारा 29 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 22 अक्टूबर।** धन्वन्तरि जयन्ती पर्व (आयुर्वेद दिवस) अवसर पर जयपुर जिले में आरोग्य सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सप्ताह के तहत 29 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में मंगलवार को आयुर्वेद पर रोगी जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ।जयपुर जिले के नोडल प्रभारी डॉ. अंशुमान चतुर्वेदी ने बताया कि धन्वन्तरी सप्ताह के दौरान 23 अक्टूबर को कार्यस्थल स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद पर व्याख्यान, 24 अक्टूबर को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिये जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम, जिसमें महिलाओं को स्वास्थ्य संबधी परामर्श दिया जावेगा। 25 अक्टूबर को आयुर्वेद में प्रकृति परीक्षण पर आधारित कार्यक्रम, 26 अक्टूबर को आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिये सार्वजनिक रैली या दौड़ का आयोजन, 27 अक्टूबर को आयुर्वेद निःशुल्क परामर्श निदान एवं उपचार शिविर 28 अक्टूबर को आयुर्वेद समर्थन के लिये सेल्फी अभियान और अन्त में 29 अक्टूबर को धन्वन्तरि पूजन एवं समारोह का आयोजन किया जावेगा।आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. पी.एल.मीना ने बताया कि धन्वन्तरी आरोग्य सप्ताह जिला स्तर, ब्लॉक स्तर एवं दूरदराज के सभी चिकित्सालयों एवं औषधालयों में मनाया जा रहा है। साथ ही आयुर्वेद विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बचाव और उपचार के लिये सभी औषधालयों प्रभारियों द्वारा क्वाथ वितरण निःशुल्क परामर्श, चिकित्सा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में मौसमी बीमारियों के साथ-साथ सामान्य ज्वर, सर्दी खॉसी, निमोनिया, अतिसार, मधुमेह उच्च रक्तचाप थाईराईड, जोड़ों का दर्द, कमरदर्द, आदि विभिन्न रोगों के हजारो मरीजो ने चिकित्सा परामर्श ओर निशुल्क औषधियाँ प्राप्त की।

### विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ की अनुशंसा से 48 लाख की राशि स्वीकृत

- चार ग्राम सेवा सहकारी समितियों में सौ मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम होंगे तैयार

**चमकता राजस्थान। जयपुर/पावटा (खलील कुरैशी)।** राजस्थान के लोक कल्याणकारी बजट 2024- 25 के अंतर्गत प्रदेश में सौ ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100 मेट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण कराना प्रस्तावित किया गया है। जिसमें 04 ग्राम सेवा सहकारी समिति जिनके पास गोदाम निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध है, इनमें विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के अनुशंसा से ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गोदामों के निर्माण के लिए 12 12 लाख रुपयों की प्रशासनिक स्वीकृति जारीकी गई है। विधायक धनकड़ के निजी सहायक वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि



प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व सहकारिता विभाग मंत्री गौतम कुमार दक ने विधायक कुलदीप धनकड़ के प्रयासों से विराटनगर क्षेत्र के ग्राम खातोलाई, लुहाकना कला, पालडी एवं पावटा तहसील के ग्राम करौड़ी में ग्राम सेवा सहकारी समिति के 100 मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण कार्य के लिए 48 लाख रूपयों की राशि स्वीकृत की है।

## गोबरधन योजना में कार्बन क्रेडिट की पहली किश्त की जारी

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की आरसीडीएफ की सराहना

### आरसीडीएफ की श्रुति भारद्वाज और भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक लाभार्थी को कार्बन क्रेडिट का चैक भेंट किया

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी), 22 अक्टूबर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गोबरधन योजना के अन्तर्गत आ रहे क्रान्तिकारी बदलाव को रेखांकित करते हुए राजस्थान में डेयरी विकास कार्यकम की सराहना की है। उन्होंने भीलवाड़ा मे लागू की जा रही गोबरधन योजना के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गोबर उठाने वाली महिलाऐं अब कार्बन क्रेडिट जमा कर अतिरिक्त आय पैदा कर रही हैं और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में कार्बन क्रेडिट के मुद्रीकरण के लिये डेयरी क्षेत्र में प्रथम बार की गई इस प्रकार की पहल दुग्ध उत्पादकों के लिये अतिरिक्त आय सुनिश्चित




करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि गोबरधन योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादको को चूल्हे के लिये गैस, खेत के लिये खाद और कार्बन क्रेडिट के रूप में अतिरिक्त आय मिल रही है आरसीडीएफ की एमडी भारद्वाज ने इस अवसर पर राजस्थान राज्य के लाखों दुग्ध उत्पादकों की ओर से शाह को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी अच्छी सेहत की कामना भी की। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ० एस०पी० सिंह बघेल, गुजरात के पशुपालन एवं गोपालन मंत्री राघव जी भाई पटेल, सहकारिता राज्यमंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी सचिव अलका उपाध्यायएनडीडीबी के चैयरमेन डॉ० मीनेश शाह भी उपस्थित थे।फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि एनडीडीबी के सहयोग से भीलवाड़ा दुग्ध में पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से छोटी क्षमता के बॉयोगेस संयंत्र लगवाये गये है। इन बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों की रसोई गैस की जरुरत के साथ-साथ खेतों के लिये उच्च गुणवत्ता का जैविक खाद भी उपलब्ध हो जाता है। अब इससे एक कदम और आगे बढ़कर बायोगैस प्लान्टों के माध्यम से मिथेन उत्सर्जन द्वारा कार्बन क्रेडिट्स अर्जित किये जा सकते हैं जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। इसी कार्बन क्रेडिट के ऐवज में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा भीलवाड़ा के दुग्ध उत्पादकों को पहली किस्त दी गई है। उन्होंने कहा कि राईजिंग राजस्थान के दौरान भी आरसीडीएफ द्वारा एनडीडीबी और सुजुकी आर एण्ड डी सेंटर इण्डिया के बीच एक कम्प्रेस्ट बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिये साझेदारी की जावेगी जो सतत उर्जा को की आपूर्ति बढ़ायेगा। उन्होंने कहा कि राज्यभर में 10 हजार से अधिक फलैक्सी बायोगैस संयंत्र लगाकर दुग्ध उत्पादकों की अतिरिक्त आय सुनिश्चित की जावेगी। भारद्वाज ने केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा दिये गये सम्मान को राजस्थान राज्य के सभी दुग्ध उत्पादकों को समर्पित कर आश्वस्त किया है कि दुग्ध उत्पादकों की सामाजिक एवं आर्थिक समृद्धि के लिये आरसीडीएफ कृत संकल्प है।

# नगर निगम हेरिटेज तीसरी साधारण सभा की बैठक 25 अक्टूबर को निगम क्षेत्र से बाहर होगी आयोजित

## कार्यवाहक महापौर कुसुम यादव की अध्यक्षता में पार्षदों को 10 कर्मचारी देने पर चर्चा होगी

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) 25 अक्टूबर के दिन नगर निगम हेरिटेज की तीसरी साधारण सभा की बैठक भी राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर झालाना में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कुल 13 प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसमें चांदपोल का नाम बदलने पर भी चर्चा होगी। में दीपावली पर सभी पार्षदों को 10 अस्थाई की कर्मचारी देने जैसे प्रस्ताव शामिल होंगे।नगर निगम हेरिटेज मेयर कुसुम यादव न्दी ने कहा- आम जनता कि इस सहूलियत को बार ध्यान में रखते हुए पार्षदों से चर्चा के बाद साधारण सभा की बैठक के लिए कुल 13 प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इनमें जयपुर के प्रमुख पर्यटक स्थलों के सौंदर्यकरण के साथ ही बढ़ती पार्किंग की समस्या को कम है, करने के लिए पार्किंग और ई-रिक्शा को ने व्यवस्थित तरीके से चलाने की गाइडलाइन बार बनाने जैसे प्रस्ताव शामिल है।साधारण सभा की बैठक में इन सभी प्रस्ताव पर पार्षदों से सार्थक चर्चा के बाद फैसला किया जाएगा। ताकि जयपुर की जनता के साथ ही यहां आने वाले पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। यादव ने कहा- इन प्रस्ताव के साथ ही साधारण सभा की बैठक में पार्षदों की समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी।

### नगर निगम हेरिटेज साधारण सभा में ऐसे 13 प्रस्ताव रखे जाएंगे



#### निगम क्षेत्र से बाहर हो रही बैठक

» बता दें कि नगर पालिका एक्ट के मुताबिक नगर निगम में 60 दिनों में एक साधारण सभा की बैठक होनी चाहिए। लेकिन नगर निगम हेरिटेज में पिछले साढ़े तीन साल में महज दो साधारण सभा की बैठक हुई है। दोनों बैठक भी हंगामा की भेंट चढ़ गई थी इसकी वजह से पार्षद अपने वार्डों की समस्या को अब तक साधारण सभा की बैठक में नहीं रख पाए हैं। ऐसे में मेयर बनने के बाद कुसुम यादव ने सबसे पहले पार्षदों की मांग पर साधारण सभा की बैठक बुलाने का फैसला किया है।

#### संचालन समितियां के गठन के प्रस्ताव पर भी चर्चा होने की संभावना

» झ सभी प्रस्ताव के साथ ही साधारण सभा की बैठक में पूर्व मेयर मुनेश यादव के कार्यकाल में हुए कामकाज की जांच के साथ ही नगर निगम में संचालन समितियां के गठन जैसे प्रस्ताव पर भी चर्चा हो सकती है। हालांकि इन प्रस्ताव को फिलहाल एजेंडे में शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में मेयर की अनुशंसा और पार्षदों की डिमांड के बाद इस तरह के प्रस्ताव तत्काल साधारण सभा की बैठक में लाए जा सकते हैं।

दीपक विक्रय के लिए आने वाले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो

09

कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

कोटपूतली-बहरोड़,(धर्मेंद्र बंसल)

22 अक्टूबर।दीपावली पर्व पर जिले में कुम्हार, ग्रामीणों एवं राजीविका समूहों द्वारा मिट्टी तथा गोमय (गोबर) के दीपक तैयार कर विक्रय के लिए स्थानीय बाजारों लेकर आते हैं। मिट्टी, गोमय (गोबर) के दिये के विक्रय को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कलेक्टर नेएस.डी.एम, तहसीलदार एवं नगर परिषद/नगर पालिका ईओ को निर्देशित किया कि जिले के समस्त नगरपालिका/नगरपरिषद क्षेत्र के बाजार में मिट्टी, गोमय के दीपक विक्रय के लिए आने वाले ग्रामीण विक्रताओं से किसी भी प्रकार की कर वसूली न की जाए तथा साथ ही मिट्टी तथा गोमेय के दिये के उपयोग के लिए नागरिकों को भी प्रोत्साहित करे। बाजार में मिट्टी तथा गोमय दीपक बेंचने के लिए आने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। यह सुनिश्चित किए जाए।

गोमय दीपकों से नहीं होता है प्रदूषणः-

जिला कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि राजीविका समूहों द्वारा हाथ से बने यह दीपक सरसों का तेल और रूई की बाती से जलाने हैं। बाती के साथ-साथ यह दीया भी थोड़ा-थोड़ा जल जाता है। पांच-छह दिनों के बाद अर्थात दीपावली समाप्त होने पर कपूर का उपयोग कर घर में ही यह दीए पूरी तरह से जला देने हैं। जहां दीया जल कर नष्ट हो जाएगा और हवा भी शुद्ध हो जाएगी। हवा तो शुद्ध होती ही है इसी के साथ दीए के कोई अवशेष भी नहीं बचते हैं। यह दीया प्रकृति में ही समा जाता है और प्रदूषण



## ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने एमओयू पर किये ऐतिहासिक हस्ताक्षर

# नगर निगम ग्रेटर और आईसीएलईआई यूएसए एवं आईसीएलईआई दक्षिण एशिया के बीच किया गया एमओयू

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** नगर निगम ग्रेटर ने राइजिंग राजस्थान के मध्यनजर एतिहासिक पहल करते हुये मंगलवार को दक्षिण एशिया क्लीन एनर्जी फोरम की ओर से आयोजित हुये कार्यक्रम में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा एमओयू हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू नगर निगम ग्रेटर और आईसीएलई आई यूएसए और आईसीएलईआई दक्षिण एशिया की ओर से आयोजित हुये कार्यक्रम में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा एमओयू हस्ताक्षर किया गया। यह



एमओयू नगर निगम ग्रेटर और 1- सतत ऊर्जा संक्रमण 2- ऊर्जा दक्षता 3- अपशिष्ट जल उपचार/जल उपचार 4- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 5- वायु प्रदूषण में कमी विषयों पर कार्य किया जायेगा। यह नगर निगम ग्रेटर के लिये एक बड़ा अवसर है। जिसके तहत यूएस के प्रातों एसएसीईएफ 2014अमेरिकी - दक्षिण एशिया मेयरलएफटिकाऊ शहर के साथ एमओयू किया गया है जिससे दोनों देशों के स्वायत्त निकाय एक दूसरे के तकनीक, नवाचार और प्रशासन के लिये एकजुट होकर कार्य करेंगे। यह एमओयू दोनों देशों के बीच एक एतिहासिक पहल होगी जिससे शहरीकरण में आ रही चुनौतियों का सामना करने व वैदेशिक आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर शहर के आधुनिकिरण के साथ तीव्र व सुव्यवस्थित विकास के रास्ते खुलेंगे और साथ ही सांस्कृतिक विकास को बढ़ावादिया जायेगा एवं व्यवस्थाओं में सुधार करने के प्रयास होगे तथा आम नागरिकों के जीवन को भी सुगम बनाया जा सकेगा। महापौर ने इस अवसर पर यू.एस. दक्षिण एशिया मेयरल मंच सतत शहरों पर विषय पर अपने विचार रखते हुए विदेशी प्रतिनिधियों को नगर निगम ग्रेटर द्वारा किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किये गये कार्यों की भी जानकारी दी इसके साथ ही नगर निगम ग्रेटर द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले जयपुर समारोह में आने का भी न्यौता दिया। कार्यक्रम में 15 से भी अधिक देशों के प्रतिनिधि अब्बू धाबी, कोलम्बस, सिटी ऑफ फैयरमाउन्ट, श्रीलंका, राजकोट, बाल्टीमोर शहर, कोलापुर, पटना, आईसीएलईआई दक्षिण एशिया की एकज्यूकेटिव डायरेक्टर इमानी कुमार, आईसीएलईआई यू.एस.ए. की पूर्व एकज्यूकेटिव डायरेक्टर एंजी मोरे सहित अन्य विदेश से आये प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929